
आज देवउठनी ग्यारस

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-238 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 01 नवम्बर 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## ‘वो सो रहे हैं, आने दीजिये हम निपट लेंगे’; आवारा कुत्तों के मामले में भड़का सुप्रीम कोर्ट, सारे सचिवों की पेशी पर अड़ा



नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस अनुरोध को ठुकरा दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर बाकी राज्यों के मुख्य सचिवों को वर्चुअली पेश होने की अनुमति दी जाए। अदालत ने साफ कहा कि सभी मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट के सामने पेश होना ही होगा। यह आदेश जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने दिया। बेंच ने कहा, जब हम चाहते हैं कि वे आकर अनुपालन हलफनामा दायर करें, तो वे इसे हल्के में ले रहे हैं। यदि कोर्ट के आदेश का सम्मान नहीं है, तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होना पड़ेगा। 27 अक्टूबर को अदालत ने आवारा कुत्तों के बढ़ते मामलों पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिव 3 नवंबर को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होकर यह बताएं कि 22 अगस्त के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया और अनुपालन हलफनामा अब तक क्यों दाखिल नहीं हुआ।

**22 अगस्त के आदेश में क्या कहा गया था**

22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर से बढ़ाकर पूरे देश तक कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अब इस मामले में पक्षकार होंगे। साथ ही, अदालत ने सभी नगर निगमों को निर्देश दिया था कि वे पशु जन्म नियंत्रण (Animal Birth Control - ABC) नियमों के पालन से संबंधित विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत करें। 28 जुलाई को एक मीडिया रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें बताया गया था कि आवारा कुत्तों के काटने से देशभर में रेबीज़ (Rabies) के मामले बढ़ रहे हैं, विशेषकर बच्चों में। इसके बाद अदालत ने इस मुद्दे को सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय मानते हुए देशव्यापी स्तर पर एकरूप नीति लागू करने के प्रयास शुरू किए।

## के.ए. पॉल ने सुप्रीम कोर्ट से सट्टेबाजी ऐप मामले में त्वरित कार्रवाई की अपील की; माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ के निर्देशों के बावजूद देरी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। वैश्विक शांति दूत और अवैध सट्टेबाजी ऐप्स पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करने वाले याचिकाकर्ता डॉ. के.ए. पॉल ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय से मामले की सुनवाई शीघ्र शुरू करने की अपील की है। आज आंध्र भवन, दिल्ली में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोमालया बागची द्वारा पहले दिए गए स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यह मामला बार-बार सूची से हटाया जा रहा है, जो चिंताजनक है। डॉ. पॉल ने कहा कि 1 अगस्त 2025 को पीठ ने केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी करते हुए आदेश सुरक्षित रखे थे। न्यायालय ने उस समय यह स्वीकार किया था कि सट्टेबाजी ऐप्स ने देश के युवाओं में आर्थिक नुकसान और आत्महत्याओं की गंभीर समस्या को जन्म दिया है। बावजूद इसके, यह मामला दो बार बिना किसी कारण बताए सूची से हटा दिया गया। उन्होंने न्यायपालिका से जवाबदेही तय करने और शीघ्र कार्रवाई करने की अपील करते हुए कहा, क्या भारत के उन लाखों परिवारों को न्याय दिलाने से अधिक कोई महत्वपूर्ण मामला हो सकता है।



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान जम्मू में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर एक औपचारिक परेड में भाग लेते हुए।

## दक्षिण चीन सागर में अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का समर्थन करता है भारत : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत ने आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की एक बैठक में काउंटर टेररिज्म का मुद्दा उठाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मलेशिया में बोलते हुए कहा कि भारत आपदा राहत, आतंक-विरोधी गतिविधियों, और समुद्री सुरक्षा में योगदान देता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण चीन सागर में मुक्त नेविगेशन व अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का समर्थन करता है। मलेशिया की अध्यक्षता में 31 अक्टूबर को एक अनौपचारिक बैठक हुई, जिसमें भारत और आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि वह आपदा राहत, काउंटर टेररिज्म, और समुद्री सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## छिंदवाड़ा में फिर 5 माह की बच्ची की गई जान, परिजनों ने कफ सिरप से मौत का लगाया आरोप, थाने में दर्ज कराई शिकायत

छिंदवाड़ा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कथित तौर पर जहरीले कफ सिरप के सेवन से 5 महीने की बच्ची रुही मिनोटे की मौत हो गई। बच्ची के पिता संदीप मिनोटे, बिछुआ वार्ड नंबर 12 के निवासी, ने स्थानीय निजी मेडिकल स्टोर से खरीदे गए आयुर्वेदिक कफ सिरप को बच्ची की मौत का कारण बताया है।



परिजनों का आरोप है कि सिरप पिलाने के बाद बच्ची की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध सिरप का पंचनामा बनाने की प्रक्रिया शुरू की। परिजनों ने बिछुआ थाने में शिकायत दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने जिले में दवाइयों की गुणवत्ता और मेडिकल स्टोर्स की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस अभ्युदय मध्यप्रदेश का करेंगे शुभारंभ

### विरासत से विकास पर आधारित एक भव्य ड्रोन शो का विजुअल उत्सव

### सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबिन नौटियाल देंगे गीत-संगीत की सुमधुर प्रस्तुति



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार एक नवम्बर को शाम 6.30 बजे 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस अभ्युदय मध्यप्रदेश का शुभारंभ करेंगे। समृद्ध, विकसित और सशक्त मध्यप्रदेश की झलक दिखाते इस उत्सव में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, भारत के विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। सोमवार तक चलने वाले इस उत्सव में गीत, संगीत, नृत्य, कला, शिल्प कला, छायाचित्र, सांस्कृतिक यात्रा, ड्रोन शो, आतिशबाजी इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से मध्यप्रदेश की विरासत और विकास के रंग देखने मिलेंगे। इस प्रदेशव्यापी आयोजन का मुख्य समारोह लाल परेड ग्राउण्ड में तीनों दिन शाम 6:30 बजे से होगा। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन और उपलब्धियों पर आधारित 3 मिनट की फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। प्रदेश के 500 कलाकार विशेष प्रस्तुति के रूप में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन यात्रा को विश्ववंद समवेत प्रस्तुति में सांगीतिक रूप में प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से विरासत से विकास पर आधारित एक भव्य ड्रोन शो की प्रस्तुति भी दी जायेगी जिसमें 2000 ड्रोन के माध्यम से अब तक का सबसे बड़ा विजुअल उत्सव होगा। आसमान में विकसित मध्यप्रदेश को नये और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबिन नौटियाल एवं ग्रुप मुम्बई द्वारा गीत-संगीत की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जुबिन रातां लम्बियां, हमनवां मेरे, तारों के शहर में गीतों को गाने के लिए लोकप्रिय हैं।

इसके अलावा भव्य आतिशबाजी का नजारा भी प्रदेशवासी देख सकेंगे। एक नवम्बर, 2025 को सायंकालीन गतिविधि से पूर्व प्रातः 11 बजे से लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ यादव करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, नागरिक उड्डयन, भारत सरकार किंजरापु राममोहन नायडू एवं केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कानून एवं न्याय, भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहेंगे।

## पाकिस्तान से जुड़े हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, 15 आधुनिक पिस्तौल बरामद

अमृतसर (आरएनएस)। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक खुफिया जानकारी के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में पुलिस ने एक नाबालिग समेत 7 आरोपियों पर कार्रवाई की, जिनमें शमशेर सिंह उर्फ सीमा, अमनदीप सिंह उर्फ बॉबी, बलविंदर सिंह उर्फ काका, गुरदेव सिंह, करणप्रीत सिंह, हरमन सिंह और एक नाबालिग शामिल हैं।

## आज भी 1984 के सिख विरोधी दंगों को याद करके सिहर उठता हूं: हरदीप पुरी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। 31 अक्टूबर को 1984 सिख विरोधी दंगों की 41वीं बरसी पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दंगों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हम स्वतंत्र भारत के इतिहास के सबसे काले धब्बों में से एक की बरसी मना रहे हैं। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मैं आज भी 1984 के उन दिनों को याद करके सिहर उठता हूं, जब असहाय और निर्दोष सिख पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का बिना सोचे-समझे कत्लेआम किया गया था। उनकी संपत्तियों और धार्मिक स्थलों को कांग्रेस नेताओं और उनके साथियों के नेतृत्व में भीड़ ने लूट लिया था। यह सब इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या का ‘बदला’ लेने के नाम पर किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर लिखा, यह वह समय था जब पुलिस मूकदर्शक बनकर खड़ी रहने को मजबूर थी, जबकि सिखों को उनके घरों, वाहनों और गुरुद्वारों से बाहर निकाला जा रहा था और जिंदा जलाया जा रहा था।

## 1 करोड़ नौकरियां, 4 नए शहरों में मेट्रो... बिहार चुनाव के लिए एनडीए ने जारी किया घोषणा पत्र




पटना (आरएनएस)। बिहार में सत्ता पर पकड़ मजबूत करने की कोशिश में जुटे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। इस बार एनडीए ने इसे ‘संकल्प पत्र’ नाम दिया है। संकल्प पत्र में बिहार के हर युवा को नौकरी और रोजगार देने का वादा किया गया है। साथ ही महिला उद्यमियों को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है।घोषणा पत्र जारी करने के मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा मौजूद थे। एनडीए के संकल्प पत्र में विकसित बिहार की परिकल्पना की गई है, जिसके लिए 25 प्रमुख संकल्प तय किए गए हैं। इसके अनुसार, 1 करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी और रोजगार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही कौशल जनगणना कराकर युवाओं को उनके कौशल के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। हर जिले में मेगा स्किल सेंटर स्थापित कर बिहार को ग्लोबल स्किलिंग हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया है। एनडीए ने एक करोड़ महिलाओं को ‘लखपति दीदी’ बनाने का वादा किया है। इसके अलावा, ‘मिशन करोड़पति’ के तहत चयनित महिला उद्यमियों को करोड़पति बनाने की दिशा में कार्य करने की योजना भी शामिल की गई है।संकल्प पत्र में अति पिछड़ा वर्ग के विभिन्न व्यावसायिक समूहों — जैसे तांति, ततमा, निषाद, मल्लाह, तेली, तमोली, केवट, गंगोता, बिंद, नोनिया, बढ़ई, धानुक, लोहार, कुम्हार, नाई, शिल्पकार, ठठेरा, माली, चंद्रवंशी, हलवाई, कानू, दांगी, तुरहा, अमात, केवर्त, राजबंशी, गड़ेरिया आदि — को 10 लाख रुपये की सहायता देने का प्रावधान किया गया है।




## मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और रोज़गार के संकल्प का अभ्युदय

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आये मध्यप्रदेश में विकास की नई यात्रा विगत दो दशकों से आरंभ हुई, जो प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की संभावनाओं तक पहुंच गई है। यह सुखद संयोग है कि आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारे तीज, त्यौहार और परंपराएं हमारी संस्कृति का आधार हैं। उत्सव के आनंद से ही भविष्य निर्माण के भाव निर्मित होते हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश में सभी त्यौहारों को व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। अपने त्यौहारों का सांस्कृतिक संदर्भ ही हमें पुरातन से नूतन की प्रेरणा देता है। हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत का हृदय मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परंपराओं से समृद्ध है। हमें मां नर्मदा, चंबल, पार्वती, शिप्रा नदियों का सान्निध्य और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त है। यह भगवान परशुराम की जन्मस्थली, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लंबा समय व्यतीत किया है। इतिहास प्रसिद्ध राजा नल, भर्तृहरि, विक्रमादित्य की जन्म स्थली भी मध्यप्रदेश रही है। सम्राट विक्रमादित्य ने ही शकों के आतंक से भारत को मुक्त किया था। संसार की पहली वैज्ञानिक कालगणना विक्रम संवत् का आरंभ भी मध्यप्रदेश के उज्जैन से हुआ था।मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हम अपने ऐतिहासिक गौरव की दिव्यता और प्राकृतिक भव्यता के साथ विरासत से विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को साकार करने और विकसित भारत निर्माण के लिए मध्यप्रदेश में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में उद्योग वर्ष मनाने के साथ राज्योत्सव की थीम उद्योग और रोज़गार रखी गई है। इसमें प्रदेश के सतत विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी का भाव है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमें निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा को परिणाम में बदलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विविधता से समृद्ध मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है, जिसमें अनंत संभावनाएं हैं। इसी को केन्द्र में रखकर हमने प्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्योग इसमें शामिल हुआ है। व्यापार को सरल बनाने और निवेशकों से सीधे संवाद के लिए हमने मार्च 2024 से उज्जैन से निवेश यात्रा शुरू की और फिर जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी, जापान, दुबई तक इसे विस्तार दिया। विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय रोड-शो के माध्यम से मध्यप्रदेश के निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है। निवेशकों को एक सक्षम, सरल और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। प्रदेश में इनोवेशन हब, स्टार्टअप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट और इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर देश की स्टार्टअप क्रांति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।मुझे यह बताते हुए खुशी है कि मध्यप्रदेश ने पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई है। खनिज कॉन्क्लेव में प्रदेश को 56 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जो खनिज नीति और प्रशासनिक सरलता का परिणाम हैं। आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाइयां और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश को प्रोत्साहन मिला है।मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि प्रदेश एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रहा है जहां निवेश, नवाचार और रोज़गार आधार स्तंभ हैं। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने उद्योग, कृषि, दुग्ध उत्पादन, पर्यावरण, ऊर्जा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

शेष पृष्ठ 4 पर





# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलायी शपथ



भोपाल,(निप्र) । मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रात: 10 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी। इसके पूर्व सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शपथ में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, के.सी. गुप्ता, संजय दुबे, संजय कुमार शुक्ल, शिवशेखर शुक्लासहित मंत्रालय, विंध्याचल,सतपुड़ा भवन और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देव प्रबोधिनी एकादशी पर मध्य प्रदेश में फिर सजेगा भक्ति और आस्था का दीपोत्सव

## दीपों की उजास से जगमगाएगा रामपथ

भोपाल, (निप्र) । भक्ति संगीत में डूबे कलाकारों की मधुर स्वर लहरियाँ और आस्था से ओत-प्रोत जनसमूह के बीच प्रकाशमान दीपकज यह दृश्य मध्य प्रदेश में एक बार फिर लाखों दीपों की उजास के रूप में देखने को मिलने जा रहा है। दरअसल, दीपावली के दिन पूरा देश रोशनी से सराबोर हुआ था, घर घर मां लक्ष्मी का वास हुआ था, और अयोध्या में भगवान श्रीराम के पहुंचने पर भव्य उत्सव मनाया गया था, लेकिन मध्य प्रदेश में सरकार एक बार फिर देव प्रबोधिनी एकादशी के दिन दिपोत्सव मनाने जा रही है प्रदेश के रामपथगमन क्षेत्र में ये दीपोत्सव-2025 का आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और लोकपरंपरा का अद्भुत संगम बनेगा। उल्लेखनीय है कि एक तरफ मध्य प्रदेश में राज्य के 70वें स्थापना दिवस समारोह को व्यापक रूप से अभ्युदय मध्य प्रदेश थीम के तहत मनाया जा रहा है, जो राज्य की समग्र प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की यात्रा को दर्शाता है। तो दूसरी ओर 1 नवंबर 2025, विक्रम संवत 2082 की कार्तिक शुक्ल एकादशी को संध्या होते ही प्रदेश के नौ पवित्र स्थलों पर एक साथ 3,51,111 दीपक रोशन हो उठेंगे। ये दीपक श्रद्धा, संस्कार और भक्ति के प्रतीक बनकर भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के वनगमन मार्ग को पुन: आलोकित करेंगे। रामपथगमन न्यास के सीईओ एन.पी. नामदेव बताते हैं कि यह आयोजन धार्मिक अनुष्ठान से अधिक आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाला है, जो प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा। जब दीपों की यह रश्मि नर्मदा, मंदाकिनी और अन्य पवित्र जलधाराओं के तटों से उठेगी, तब मानो आस्था का यह प्रकाश सम्पूर्ण प्रदेश को आलोकित कर देगा। आयोजन की विशेषता यह है कि रामपथगमन क्षेत्र के नौ जिलों में यह दीप आराधना एक साथ होगी और हर स्थल अपनी लोक-संस्कृति, संगीत और भक्ति के रंगों से सजेगा। मध्य प्रदेश का यह दीपोत्सव उसकी लोकसंस्कृति का उत्सव है।




# प्रधानमंत्री श्री मोदी की मौजूदगी में भोपाल की बेटियों ने दी बैंड की प्रस्तुति

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में हुआ कार्यक्रम



भोपाल,(निप्र) । भोपाल की बेटियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025 को गुजरात के एकता नगर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में बैंड की प्रस्तुति दी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स भोपाल की टीम का चयन किया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बैंड प्रतियोगिता में बालिकाओं की इस टीम ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया था। एकता दिवस परेड में भोपाल की इस टीम ने मनमोहक धुने प्रस्तुत कीं। बालिका टीम ने देशभक्ति गीतों, जिनमें वंदे मातरम, हम सब भारतीय हैं, सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा, माँ तुझे सलाम और जय भारती जैसे गीतों पर धुने प्रस्तुत कीं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्य पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, अन्य सुरक्षा बल और एनसीसी की टीमों ने प्रस्तुतियाँ दीं। स्कूल की प्राचार्य सिस्टर लिली ने बताया कि बैंड टीम द्वारा हिन्दी, गुजराती, अंग्रेजी, स्पेनिश और जर्मन धुनों पर प्रस्तुति देने के लिये लम्बा अभ्यास किया था।

# गंगाजली पूजन श्रद्धांजली ' एवं तेरहवीं भोज आज

## वरिष्ठ पत्रकार मलय श्रीवास्तव व पूर्व संयुक्त संचालक जनसंपर्क प्रलय श्रीवास्तव की बहन श्रीमती माया श्रीवास्तव का 19 अक्टूबर को हुआ था देवलोकगमन



भोपाल (निप्र)। मलय श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार,प्रलय श्रीवास्तव पूर्व संयुक्त संचालक जनसंपर्क की बहन श्रीमती माया श्रीवास्तव (नागरिक आपूर्ति निगम से सेवानिवृत्त)पत्नी श्री संजय श्रीवास्तव का देवलोकगमन 19 अक्टूबर 2025 को हो गया है। जिस हेतु उनका गंगाजली पूजन 'श्रद्धांजली' एवं तेरहवीं भोज शनिवार 01.11.2025 समय दोपहर 1:00 से सायं 4:00 बजे स्थान हिन्दी भवन, पॉलीटेक्निक चौराहा भोपाल में रखा गया है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जिस स्कूल में की पढ़ाई वहीं के वार्षिकोत्सव में बने मुख्य अतिथि



भोपाल, (निप्र) । शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्मार्ट स्कूल) शिक्षा नगर में वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में इस विद्यालय के छात्र रहे ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मैं, इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर चुका हूँ। आज ग्वालियर बदल रहा है, ग्वालियर में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शैक्षणिक सुविधाओं और शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हुई है। इसका प्रमाण आपका और हमारा यह स्मार्ट स्कूल है जहां आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट कक्षाओं के साथ ही शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हुए हैं।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं लोक विधाओं से परिपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने समस्त दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, लोकगीत, बालिका गीत और विभिन्न नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

## राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान मंत्रालय स्थित पटेल पार्क में 3 नवम्बर को

भोपाल,(निप्र) । मंत्रा लय स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र -गीत वन्देमातरम एवं राष्ट्र -गान जन गण मन का गायन 3 नवम्बर को प्रात: 10:15 बजे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप के आतिथ्य में होगा। वर्षा होने की स्थिति में उक्त गायन मंत्रालय क्रमांक-1 स्थित पांचवी मंजिल कक्ष क्रमांक 506 में होगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र गीत एवं राष्ट्र गान का आयोजन पटेल पार्क में किया जाता है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

# बेटे की मौत से डिप्रेशन में आई वृद्ध मॉ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल(ए)। अयोध्या नगर थाना इलाके में रहने वाली एक वृद्वा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शुरुआती जॉच में सामने आया है की करीब एक साल पहले उसके बड़े बेटे की मौत हो गई थी, जिसके बाद से वह काफी डिप्रेशन में रहती थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर, अयोध्या नगर में रहने वाली 84 वर्षीय द्रोपती बाई पति रमेश घरेलू काम करती थी। द्रोपती बाई के पहले पति की मौत हो गई थी, उसके छह बच्चे थे। बाद में उसने दूसरी शादी की दूसरे पति से उसके दो बच्चे है। सभी बच्चे अलग-अलग रहते है, पतिअरेरा कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। वह दीवाली से अयोध्या नगर जी-सेक्टर में रहने आई थी। बताया गया है की उसका एक बेटा उसका काफी ख्याल रखता था, उस बेटे की करीब एक साल पहले सड़क हादसे मे उसके मौत हो गई थी।

# हर क्षेत्र में विकास की रौशनी, हर हाथ में अवसर का भरोसा

भोपाल,(निप्र) । मध्यप्रदेश आज उस नई यात्रा पर है, जहाँ विकास अब कुछ शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गाँव-गाँव, हर अंचल तक पहुँचने लगा है। यह वही परिवर्तन है, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने विज़न और संकल्प से साकार किया है। उनका मानना है कि विकास तभी सच्चा होता है, जब उसका लाभ हर क्षेत्र और हर नागरिक तक पहुँचे। इसी सोच ने राज्य को एक नई दिशा दी है जहाँ औद्योगिक प्रगति केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुकी है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में शुरू हुई यह यात्रा विकसित मध्यप्रदेश 2047 के विज़न पर आधारित है — एक ऐसा विज़न, जो उद्योग, निवेश और रोजगार को एक सूत्र में जोड़ता है। राज्य सरकार ने इस दिशा में जो कदम उठाए हैं, उन्होंने मध्यप्रदेश को निवेश, नवाचार और अवसरों का नया केंद्र बना दिया है। कभी औद्योगिक गतिविधियाँ केवल इंदौर और भोपाल जैसे शहरों तक सीमित थीं। लेकिन मुख्यमंत्री की सोच ने इस सीमितता को तोड़ दिया। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव्स आयोजित किए गए, जिन्होंने निवेश को स्थानीय पहचान से जोड़ा।

# कोलार की दुकानों में तोड़फोड़ करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई - रविन्द्र यति

## जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन,दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

भोपाल (ए)। भारतीय जनता पार्टी भोपाल के जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कोलार के ललिता नगर क्षेत्र में गुरुवार रात हुई दुकानों में तोड़फोड़ की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि गोकुल डेयरी के संचालक आशीष मीणा अपने सहयोगियों के साथ देर रात दुकानों को क्षतिग्रस्त करने और उन पर कब्जा करने पहुंचा। जब स्थानीय व्यापारियों ने इसका विरोध किया, तो आशीष मीणा ने अपने एक सहयोगी को फर्जी 'रविन्द्र यति' बनाकर कॉल करवाई, जिसमें यह कहा गया कि मैं आदेश देता हूं कि दुकानों को तोड़ डालो और कब्जा कर लो, विरोध करने वालों को सबक सिखाओ।

# मध्य प्रदेश में शहरों के आसपास सब्जी क्लस्टर होंगे विकसित

## - उद्यानिकी विभाग देगा 40 प्रतिशत तक अनुदान



भोपाल,(निप्र.) । मध्य प्रदेश में बढ़ते शहरीकरण में स्वास्थ्य जागरुकता और पोषणयुक्त आहार की मांग को ध्यान में रखते हुए बड़े शहरों के आसपास देशी-सब्जियों की उन्नत किस्म के क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत देशी-सब्जियों को स्थानीय जलवायु परिस्थितियों के अनुसार उत्पादन प्रोत्साहन का काम उद्यानिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग के आयुक्त अरविन्द दुबे ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत शहरी क्षेत्र के आसपास देशी सब्जियों की नई एवं उन्नत किस्म के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। विभाग द्वारा सभी 10 संभागों के जिलों के नगरीय क्षेत्र के आसपास परंपरागत सब्जियों की नवीन उन्नत किस्म को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें तोरी/गिलकी, परवल, चिचिंडा, लौकी, करेला, टिंडा, खीरा, बैंगन, मुनगा, कुंदरु, चौलाई, पालक, पोई साग, गरूणी/भाजी, कचरी, अरबी, शकरकंद, कसावड़ तथा कटुक/स्टार गूसबेरी सब्जी फसलों के उत्पादन पर अनुदान सहायता दी जा रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए सब्जी उत्पादकों को एमपी एफएसटीएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। परियोजना के तहत हितग्राहियों को प्रति हेक्टेयर निर्धारित इकाई लागत 60 हजार प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत 24 हजार रुपए तक अनुदान दिया जाता है।आयुक्त दुबे ने बताया कि योजना से जुड़ने के लिए कृषक के पास स्वयं की भूमि और सिंचाई सुविधा होना चाहिए। योजना से जुड़े किसानों को सब्जी उत्पादन तकनीकी एवं विपणन का प्रशिक्षण उद्यानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

## *राज्यपाल श्री पटेल ने दी राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को बधाई विश्वविद्यालय को मिली नैक की ए ++ ग्रेडिंग*

*भोपाल,(निप्र.)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (नैक) की ए++ ग्रेडिंग प्राप्त होने पर बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रबंधन, संकाय और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि यह उपलब्धि राज्य के शैक्षणिक गुणवत्ता के बेहतर प्रयासों का सुफल है।राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि नैक की ए++ ग्रेडिंग से विश्वविद्यालय की पहचान और अधिक मजबूत बनेगी। विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय शोध, प्लेसमेंट और उच्च अध्ययन के नये अवसर सृजित होंगे। विश्व के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय, सहभागिता, शोध अनुदान आदि की स्थिति बेहतर होगी। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, कार्य कुशल प्रबंधन और नवाचार की उत्कृष्टता के प्रयासों को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन मिलेगा।*

# सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर दें विशेष ध्यान - संभागायुक्त श्री सिंह

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

भोपाल (ए.)। संभागायुक्त संजीव सिंह ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण तेजी से किया जाए। जो शिकायतें 100 दिवस से अधिक समय से लंबित चल रही हैं उन पर विशेष ध्यान देकर निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। संभागायुक्त श्री सिंह ने यह निर्देश शुक्रवार को कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) विनोद यादव, उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती किरण गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में हितग्राहियों को प्रसूति सहायता योजना का लाभ देने में विलंब न हो। खनिज विभाग के अंतर्गत अवैध उत्खनन और परिवहन के प्रकरणों का निराकरण समय पर हो। इसी तरह कृषि विभाग में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पंजीयन की शिकायतों का निराकरण तत्परता से सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रो-एक्टिव रहकर हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि कलेक्टर - कमिश्नर कांफ्रेंस के बिंदुओं पर अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता से कार्य सुनिश्चित किया जाए। ब्लॉक स्तर तक के अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने पशुपालन विभाग एवं भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित को विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिए।



आयुक्त जन्सम्पर्क श्री दीपक सक्सैना ने जनसम्पर्क संचालनालय में अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

# स्थापना दिवस कार्यक्रम तैयरियों का जायजा लेने कलेक्टर ने किया लाल परेड ग्राउंड का निरीक्षण




भोपाल (निप्र)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर लाल परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण व्यवस्थाओं — मंच, दर्शकदीर्घा, सुरक्षा, स्वच्छता, विद्युत एवं यातायात व्यवस्था — का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रवेश एवं निकास मार्गों पर उचित संकेतक लगाए जाएँ और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और प्राथमिक उपचार दल की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने यह भी कहा कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए सभी अधिकारी सतर्कता बरतें और अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें। कलेक्टर श्री सिंह ने साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष बल देते हुए नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था उत्तम स्तर की हो।

उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस का आयोजन राज्य की गौरवमयी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का अवसर है, अत: यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्त व्यवस्थाएँ अनुशासित, सुसंगठित और जनअनुकूल हों।

# मोंथा का असर से हो रही बारिश, धान व सोयाबीन की फसल बर्बाद



अनूपपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में चक्रवाती तूफान मोंथा के असर से पहाड़ी क्षेत्र खासकर राजेंद्रग्राम और अमरकंटक में घना कोहरा बना हुआ है, जिससे लोगों को वाहन चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात्रि में तेज हवा और बारिश से धान की फसल गिरकर पानी में भीग गई है।ग्रामीण अंचलों में बीते 5 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में जगह-जगह पानी भर जाने न से धान की लगभग आधी फसल पूरी तरह खराब हो न चुकी है, जबकि सोयाबीन की फसल लगभग समाप्त मानी जा रही है। प्रतिदिन रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण किसानों में मायूसी ला दी है। अनूपपुर के ग्राम परसवार, मौहरी, पिपरिया, जमुडी सकरा, दुलहरा सहित जैतहरी, कोतमा, पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के खेतों में पानी भर गया है। खेतों में धान की फसल पानी में डूबने से बाली में सड़न आने लगी है। किसान अब खेतों में फसल बचाने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। गत दिनों आई तेज आंधी और पानी ने पहले ही चान और सोयाबीन की फसल को आधे नुकसान में पहुंचा दिया था, उसके बाद 28 अक्टूबर की बारिश ने पूरी तरह से फसल को चौपट कर दिया। जिसके बाद से लगातार रूक-रूककर बारिश हो रही है जिससे सोयबीन की फसल तो पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है और धान की फसल पूरी तरह खराब होने के अंतिम चरण में चल रहा है। गुरूवार की रात्रि तेज आंधी और बारिश ने बची कुची कसर को पूर कर दिया। शुक्रवार को भी बादलों ने डेरा डाला हुआ है।

### किसानों की नाराजगी

लगातार बारिश से हुए नुकसान के बाद भी बीमा कंपनी, राजस्व विभाग और कृषि विभाग की टीमों द्वारा अब तक किसी भी तरह का सर्वे नहीं किया गया है। किसानों का कहना है कि जब तक नुकसान का आंकलन नहीं होगा, तब तक उन्हें बीमा क्लेम का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## लोकायुक्त ने सरपंच को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

सिवनी (ए.)। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त अभियान के तहत लोकायुक्त जबलपुर इकाई ने सिवनी जिले में शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही की है। लोकायुक्त जबलपुर के ट्रैप दल ने बताया कि ग्राम पंचायत धनौरा के सरपंच दिनेश कुमार (42) पुत्र भुवन सिंह कोरेती, को 20,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। आवेदक राधेश्याम (33) पुत्र असनलाल बंजारा, निवासी नायक कॉलोनी, ग्राम धनोरा ने लोकायुक्त को शिकायत दी थी कि उसने अपनी आबादी की जमीन पर मकान निर्माण प्रारंभ किया था, जिस पर सरपंच द्वारा आपत्ति लेकर 1 लाख की रिश्वत की मांग की गई थी।

## नर्मदा परिक्रमा पर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, एक की मौत, कई घायल



बड़वानी,(ए.)। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के खेतिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह नर्मदा परिक्रमा के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 54 से अधिक लोग घायल है। घटना के बाद रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मौके पर फंसे दो लोगों को निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। जानकारी के अनुसार सुबह तीर्थ यात्राओं की बस बोकराटा से खेतिया की और रवाना हुई थी। हादसे के समय बस में करीब 55 यात्री सवार थे। ये सभी अलग-अलग जिलों के रहने वाले थे। श्रद्धालु इंदौर से एमपी 46 जेडपी 7986 वाहन में ओंकारेश्वर और बड़वानी होते हुए प्रकाशा जा रहे थे। इस दौरान करीब 9. 30 बजे ग्राम बायगौर क्षेत्र में खेतिया-पाटी रोड घाट पर पलट गई। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। खेतिया और पाटी थाना प्रभारी सहित पुलिस बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को तुरंत खेतिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हादसे में सुगन बाई बद्री (62) की मौत हो गई। वह धार जिले के जामदा की निवासी थी।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत हुआ जनजागरुकता का कार्यक्रम

इन्दौर(ए.)। तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत इंदौर के गवर्नमेंट जीजा बाई हॉस्टल में विद्याथियों को मौखिक स्वच्छता एवं तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। "तम्बाकू मुक्त युवा अभियान" के अंतर्गत जिला अस्पताल इंदौर में कार्यरत दंत चिकित्सक डॉ. तृप्ति सिंह भाटी एवं डीआईसी दंत चिकित्सक डॉ. नीति पंडित द्वारा विद्यालयीन छात्राओं एवं किशोरियों को मौखिक स्वच्छता के महत्व एवं तम्बाकू उत्पादों से होने वाले हानिकारक प्रभावों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के नोडल अधिकारी डॉ. पारस रावत ने विद्यार्थियों को तम्बाकू सेवन से उत्पन्न मुख कैंसर , दांतों के दाग, मसूड़ों की बीमारी और दंत क्षरण जैसी समस्याओं के बारे में जागरूक किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# व्यापार समाचार

## कमजोर वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद, निवेशकों के डूबे 2 लाख करोड़



मुंबई (आरएनएस)। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 465.75 अंक या 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 83,938.71 और निफ्टी 155.75 अंक या 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,722.10 पर था।बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सबसे अधिक गिरावट निफ्टी मीडिया (1.32 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (1.09 प्रतिशत), निफ्टी सर्विसेज (0.91 प्रतिशत), निफ्टी हेल्थकेयर (0.89 प्रतिशत) और निफ्टी कमोडिटीज (0.84 प्रतिशत) में दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी पीएसयू बैंक (1.56 प्रतिशत), निफ्टी इंडिया डिफेंस (1.03 प्रतिशत) और निफ्टी पीएसई (0.11 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ।

**निवेशकों के 2.04 लाख करोड़ डूबे**

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज बढ़कर 470.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 472.36 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह क्रस्थ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.04 लाख करोड़ रुपये घटा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.04 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स का भी प्रदर्शन कमजोर रहा।

## रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 2 पैसे की गिरावट के साथ ही 88.71 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह कच्चे तेल की कम कीमतों और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की बढ़त के साथ 88.64 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शेयर बाजारों में बिकवाली के दबाव के बीच विदेशी पूंजी की निकासी ने घरेलू मुद्रा में तेज बढ़त को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.60 प्रति डॉलर पर खुला। फिर थोड़ा बढ़त के साथ 88.59 प्रति डॉलर पर पहुंचा हालांकि जल्द ही 88.64 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त दर्शाता है।

रुपया गुरुवार को 47 पैसे टूटकर

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**- सोने का भाव 1,21,150 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 1,48,400 रुपए**



नई दिल्ली (ए.)। सोने-चांदी के वायदा भाव में शुक्रवार को सुस्ती देखने को मिल रही है। दोनों के भाव घरेलू बाजार में गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,21,150 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,48,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 360 रुपये की गिरावट के साथ 1,21,148 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,21,508 रुपये था। इस समय यह 356 रुपये की गिरावट के साथ 1,21,152 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,21,413 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,21,105 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,48,140 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,48,840 रुपये था। इस समय यह 450 रुपये की गिरावट के साथ 1,48,390 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,48,390 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,47,942 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेज रही। लेकिन बाद में भाव लुढ़क गई। कॉमेक्स पर सोना 4,038.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 4,015.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.40 डॉलर की गिरावट के साथ 4,014.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 4,398 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 48.73 डॉलर के भाव पर खुले।

## भारत में इस वर्ष अक्टूबर में आईपीओ से रिकॉर्ड 46,000 करोड़ की फंड रेजिंग हुई




मुंबई (आरएनएस)। भारत के प्राइमरी मार्केट के लिए अक्टूबर का महीना काफी शानदार रहा है, जो कि मुख्य आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का एक व्यस्त महीना रहा। अब तक 14 कंपनियां 46,000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लक्ष्य के साथ बाजार में प्रवेश कर चुकी हैं। घरेलू पूंजी बाजारों में इस महीने मंथली फंडरेजिंग को लेकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है, जो कि टाटा कैपिटल और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की लिस्टिंग के साथ संभव हो पाया है। टाटा कैपिटल और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने मिलकर कुल फंड रेजिंग में आधे से ज्यादा का योगदान दर्ज करवाया। जहां, टाटा कैपिटल की ओर से 15,512 करोड़ रुपए की राशि जुटाई गई वहीं, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 11,607 करोड़ रुपए आरंभिक शेयर बिक्री के माध्यम से जुटाए गए।




## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# वोट चोरी की सच्चाई सामने आनी चाहिए

कलबुर्गी स्थित जिस कॉल सेंटर की सेवा इसके लिए ली गई, उसे मतदाता के नाम को काटने की हर अर्जी के लिए 80 रुपए दिए गए। दिसंबर 2022 से फरवरी 2023 के बीच ऐसी कुल 6,018 अर्जियां दी गईं।

कर्नाटक पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इस नतीजे पर पहुंचा है कि राज्य के अलांद विधानसभा क्षेत्र में 2023 के चुनाव से पहले नियोजित ढंग से मतदाताओं के नाम मतदाता कटवाए गए। ऐसा ऑनलाइन माध्यम से हुआ। एसआईटी इस निष्कर्ष पर है कि कलबुर्गी स्थित जिस कॉल सेंटर की सेवा इसके लिए ली गई, उसे मतदाता के नाम को काटने की हर अर्जी के लिए 80 रुपए दिए गए। दिसंबर 2022 से फरवरी 2023 के बीच ऐसी कुल 6,018 अर्जियां दी गईं। इस तरह कुल लगभग 4.80 लाख रुपये का भुगतान किया गया। संदेह है कि यह रकम 2023 में अलांद सीट पर पराजित हुए भाजपा उम्मीदवार सुभाष गुट्टेदार की तरफ से दी गई। कर्नाटक पुलिस ने पिछले हफ्ते गुट्टेदार के घर पर छापा मारा था।

बहरहाल, सिर्फ 24 ऐसे वास्तविक मतदाताओं की पुष्टि हुई है, जिनके नाम इस प्रयास के कारण मतदाता सूची से हटे। बाकी मतदाता पहले ही उस क्षेत्र से जा चुके थे- यानी उनका नाम कटना जायज ही था। मगर 24 मतदाताओं के नाम कटना भी बड़ा मुद्दा है। इससे पुष्टि होती है कि इस तरह के सुनियोजित प्रयास हुए और ऐसा ऑनलाइन माध्यम से तीसरे पक्ष की तरफ से किया गया। यही इल्जाम कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाया था। उनके आरोपों के बाद निर्वाचन आयोग ने यह अनिवार्य कर दिया है कि किसी मतदाता का नाम काटने की अर्जी सिर्फ आधार से जुड़े मोबाइल फोन नंबर से ही दी जा सकेगी। इस तरह उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस तरह की वोट चोरी को रोका जा सकेगा। परंतु, जैसाकि बाद में राहुल गांधी ने कहा था, पहले हुई वोट चोरी की सच्चाई सामने आनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसके लिए निर्वाचन आयोग ने पर्याप्त सक्रियता नहीं दिखाई है। उससे अपेक्षित है कि कर्नाटक एसआईटी जांच में पूरा सहयोग करे और इस प्रकरण को इसके अंजाम तक पहुंचाए। भारत की चुनाव प्रक्रिया पर पहले से कई सवाल हैं। वोट चोरी के आरोप से उसमें एक और संगीन पहलू जुड़ा। संदेह के ये सायों को तुरंत नहीं हटे, तो उसके गंभीर नतीजे हो सकते हैं।



उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा नदी में रिवर राफ्टिंग सत्र के दौरान पर्यटक तेज बहाव में चलते हुए।

# बदलते भारत की सशक्त तस्वीर: महिला क्रिकेट टीम की उड़ान

**दिलीप कुमार पाठक**

महिला वर्ल्ड कप 2025 सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 338 रनों का लक्ष्य चेज कर 5 विकेट से जीत हासिल की है और फाइनल में प्रवेश किया। अब तक यह कारनामा कभी नहीं हुआ था ये हमारी बेटियों की प्रतिभा एवं मेहनत का प्रतिफल है कुछ हासिल करने में वक्त लगता है अब जब हम आईसीसी मुख्यालय देखने जाएंगे तो आईसीसी ने अपने मुख्यालय के मुख्य दरवाज़े पर एक तस्वीर लगा रखी है, उस तस्वीर में दिख रही है गाँव की एक छोटी सी लड़की हाथ में बैट - गेंद लेकर क्रिकेट खेल रही है, ये तस्वीर आईसीसी के विज़न को दर्शाती है आईसीसी चाहता है कि क्रिकेट दुनिया की आखिरी लड़की तक पहुंचें और उसी दिन क्रिकेट की प्रमुख सफ़लता होगी।

आईसीसी चाहता तो सर डॉन ब्रैडमैन, सचिन तेंदुलकर, शेन वार्न की तस्वीरें लगा सकता था, परंतु आईसीसी चाहता है कि दुनिया में ये संदेश जाए कि क्रिकेट केवल पुरुषों का खेल नहीं है इस जेंटलमैन खेल का लिंग से कोई लेना देना नहीं है, बल्कि शारीरिक फिटनेस एवं इच्छाशक्ति मायने रखती है हमारे देश में जहां आम तौर पर बेटियाँ क्रिकेट नही खेलतीं चूंकि हमारे यहां लोगों की धारणाएं हैं कि ये खेल तो लड़कों का है, हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियां न तो क्रिकेट खेलती हैं, और न देखती हैं, यही कारण है कि पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट की समझ विकसित नहीं हुई है इस बार बेटियों की सफ़लता भारत की ग्रामीण लड़कियों के लिए भी दरवाजे खोल देगी हमारे देश में हर क्षेत्र में बेटियों ने अब तक परचम लहराया है, परंतु क्रिकेट के क्षेत्र में हमारे देश की बेटियाँ दशकों से संघर्ष कर रहीं हैं, हालांकि इस बार फाइनल में पहुँचने के बाद उम्मीदें बढ़ गईं हैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम इतिहास रचने के करीब है, यह बदलते हुए भारत की सशक्त तस्वीर है पहले भारत में महिला क्रिकेटरों में केवल अंजुम चोपड़ा ही फेमस थीं, परंतु धीरे-धीरे ही सही आज पूरी टीम की लड़कियां दुनिया भर में अपनी पहिचान रखती हैं, जिनका दर्जा किसी सुपरस्टार से ज़्यादा है महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, ओपनर स्मृति मन्धना, शेफाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष हरलीन देओल सहित स्टार महिला क्रिकेट पूरी दुनिया में भारत की क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करती हैं जिनमे मिताली राज, झूलन गोस्वामी जैसी पूर्व स्टार क्रिकेटर्स भी शामिल हैं।

महिला वनडे विश्व कप 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड के 119 रनों



की मदद से 338 रन बनाए। जवाब में भारत ने जेमिमाह रोड्रिगेज की नाबाद 127 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की 89 रनों की पारी के दम पर 48.3 ओवर में 341/5 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह महिला वनडे क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा सफल लक्ष्य पीछा है, साथ ही वनडे विश्व कप (पुरुष-महिला) के नॉकआउट मुकाबले में पहली बार 300 से अधिक रनों का चेज हुआ है। इस मैच की शुरुआत भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही।

पावरप्ले में शेफाली वर्मा (10) और स्मृति मंधाना (24) जल्दी आउट हो गईं। लेकिन जेमिमाह और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी कर मैच को संभाला। जेमिमाह ने 134 गेंदों में 17 चौके जड़ते हुए नाबाद 127 रन बनाए, जबकि हरमनप्रीत ने 88 गेंदों पर 89 रन ठोके। बाद में दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष और अमनजोत कौर ने उपयोगी योगदान दिया। अंतिम ओवरों में भारत ने दबाव में भी संयम बनाए रखा और 7 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। यह जीत ऑस्ट्रेलिया के 15 मैचों के विश्व कप अजेय क्रम को भी समाप्त करने वाली साबित हुई। इस जीत ने कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। महिला वनडे में सबसे बड़ा सफल लक्ष्य चेज अब भारत के नाम है और ऑस्ट्रेलिया के 331 रनों के पुराने रिकॉर्ड को भारतीय खिलाड़ियों ने पीछे छोड़ दिया है। वनडे विश्व कप के नॉकआउट चरण में यह पहला मौका है जब 300 से अधिक रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया हो।

इससे पहले पुरुष वर्ग में 2015 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 298 रनों का लक्ष्य चेज किया था।

यह जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए मील का पत्थर है। 2005 और 2017 के फाइनल हार के बाद तीसरी बार फाइनल में पहुंची टीम अब खिताब की प्रबल दावेदार है। 3 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबला होगा। स्टेडियम में गूंजे भारत माता की जय के नारों ने इस ऐतिहासिक जीत को और भी यादगार बना दिया। यह चेज अब रिकॉर्ड बुक में दर्ज है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

एक एतिहासिक विजय क्रिकेट को बदल कर रख देती है, जिस तरह से भारतीय क्रिकेट 1983 की विजय के बाद गाँव - गाँव पहुँच गया था, ठीक इस बार भी बेटियों की विजय बने बनाए प्रतिमानों को तोड़ देगी कि क्रिकेट लड़कों का खेल है और यह यह बदलते हुए भारत की सशक्त तस्वीर होगी, पूरा भारत अपनी बेटियों के विजय की राह देख रहा है।

# मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और रोज़गार....

**प्रथम का शेष**

भारत के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN) के सम्मान का मंत्र दिया है। विकास के इन आधार स्तंभ के अनुरूप प्रदेश विकास और कल्याण के लिए युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है।गरीब कल्याण मिशन में स्वरोज़गार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा आदि की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कौशल विकास मिशन और स्टार्टअप नीति 2025 ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर में परिवर्तित किया है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोज़गार मेले, अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम और डिजिटल स्किल सर्टिफिकेशन जैसे प्रयास युवाओं को रोज़गार से जोड़ रहे हैं। रोज़गार सृजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासकीय और निजी क्षेत्रों में युवाओं के लिए स्थायी, कुशल और सम्मानजनक अवसर उपलब्ध किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने शासकीय भर्ती का कैलेण्डर जारी किया और उसके अनुरूप भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। कृषि क्षेत्र को नवाचार के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने ड्रोन आधारित फसल निरीक्षण, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और कृषि उत्पाद मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मुख्यमंत्री खेत-तालाब योजना सहित अन्य प्रयासों से किसानों के लिए सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने का लगातार प्रयत्न किया जा रहा है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से




प्रदेश के किसानों को सिंचाई और पानी की सुविधा व्यापक स्तर पर उपलब्ध होगी। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो चुका है। इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। आगामी 3 वर्षों में सिंचाई क्षेत्र का रकबा 100 लाख हेक्टेयर करने की योजना है। कृषि उपज का प्रत्यक्ष भुगतान, ऑनलाइन मंडी व्यवस्था और जैविक खेती के प्रोत्साहन ने अन्नदाताओं की आय में वृद्धि की है। मध्यप्रदेश गेहूं, सोयाबीन, चना और मसालों के उत्पादन में अग्रणी प्रदेश हैं।

महिला सशक्तिकरण को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ने की दिशा में नारी शक्ति मिशन परिवर्तनकारी सिद्ध हो रहा है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमिता नीति के तहत महिलाओं को लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र में अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह को वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मिशन नारी शक्ति ही नहीं बल्कि नये भारत की आधारशिला है।गौ-धन हमारी अर्थव्यवस्था का स्थायी स्तंभ बने इसके लिए हमने गौ-संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को आर्थिक नवाचार का केंद्र बनाया है।

मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन मिशन के तहत प्रदेशभर में गौ-अभयारण्य और गौ-सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हासिल की है।मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और प्रदेशवासियों के सहयोग और संबल से कल्याणकारी नीतियों और निर्णयों को अमल में लाने में सफलता प्राप्त हुई है। मध्यप्रदेश की स्वर्णिम यात्रा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य हमारा संकल्प भी है और लक्ष्य भी। आइये, हम सब मिलकर समग्र विकास के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाएं और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 70वें
स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं...।

(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)




मेष राशि: आज किसी भी काम को पूरा करने में जल्दबाजी ना करें, नहीं तो उस काम में कुछ कमियां रह जायेंगी। स्टूडेंट्स का मन पढ़ाई में कम और मोबाईल पर ज्यादा रहेगा। आज आप अपने फिजूल खर्चों पर काबू बनाये रखें। आज कार्यक्षेत्र में सफलता पाने के लिए आपके मन में कुछ नए आइडिया आयेंगे। संतान पक्ष की ओर से खुशखबरी मिलेगी।

वृष राशि: आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। पहले से ही किये हुए निवेश का आज आपको फायदा मिलेगा। आज आप किसी खास मित्र की मदद करेंगे। आज आपके कारोबार में बड़ा बदलाव आयेगा। लम्बे समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधित समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज आप अपने मेहनत से कठिन से कठिन कार्य को पूरा करने में सफल होंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ समय बितायेंगे, जिससे आपको खुशी का अनुभव होगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप आपने भविष्य को आगे बढ़ाने की योजनाओं पर ध्यान देंगे। आज के दिन कोई करीबी रिश्तेदार आपकी खुशियों को दोगना कर देगा। आज घर के बड़ों का सहयोग आपके साथ रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आपका समय परिवार वालों के साथ अधिक बीतेगा। जीवनसाथी की भावनाओं को समझने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको अपनी बचत में से कुछ पैसा निकालने की जरूरत पड़ सकती है। आज आप अपने बच्चों को कुछ अच्छा सिखा सकते हैं, जो उनके भविष्य में उन्हे काम आयेगा। आज जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते अच्छे बनेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होंगी।

सिंह राशि: आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज आप जिस काम को पूरा करने की कोशिश करेंगे, वो आसानी से पूरा हो जायेगा। किसी दोस्त से मुलाकात आपको फायदा दिला सकती है। आज परिवार के लोगों के बीच मधुरता बढ़ेगी।

कन्या राशि: आज कामकाज के बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। दूसरों की सलाह पर ध्यान देंगे, तो वह आपके लिये फायदेमंद साबित होगा। छात्रों को आज शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त होगी।

तुला राशि: आज आपके जीवन में कई नए बदलाव आयेंगे, जो आपके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होंगे। सोशल मीडिया पर नए लोगों से आपकी दोस्ती होगी। आज समाज में आपकी अलग पहचान बनेगी, तरक्की के नए अवसर आपके सामने आयेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। छात्रों को आज कहीं से करियर संबंधी शुभ सूचना मिलेगी, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा बनेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे जिससे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी। बच्चे माताङ्कपिता के साथ पार्क में जाने की जिद्द करेंगे।

धनु राशि:आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर के रूके हुए सभी काम आज आसानी से पूरे होंगे। किसी बात को लेकर आपके मन में उत्सुकता बनी रहेगी। आपकी बातों को लोग गंभीरता से सुनेंगे और उस पर अमल भी करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगो को किसी अच्छी कपंनी से जॉब का ऑफर आयेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा। आज घर पर धर्मिक कार्यो का आयोजन होगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेंगी।

मकर राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज कार्यों को पूरा होने में कुछ अधिक समय लगेगा। इस राशि के जो लोग ऑनलाइन व्यापार करते है आज उन्हें बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कार्यों को पूरा करने में परिवार वालो का सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखेने से, रिश्तों में मजबूती आयेगी। बच्चे माता से अपने मन की बाते शेयर करेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आयेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरुरत है। आज कुछ पुराने दोस्तों से फ़ोन पर लम्बी बात होगी, जिनके के साथ आप अपनी पुरानी यादें भी ताजा करेंगे। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा, जिसमें गुरुओं का सहयोग प्राप्त होगा। आज घर पर थोड़े व्यावहारिक रहने की कोशिश करेंगे, जिससे लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# एक अनूठी पार्टी: भाजपा ने भारतीय राजनीति में नेतृत्व के पहलू को कैसे पुनर्परिभाषित किया

हरदीप सिंह पुरी

आजाद भारत के इतिहास में राजनीति ज्यादातर समय हक की एक ऐसी भावना से प्रभावित रही, जिसने विरासत और वैधता के बीच घालमेल किया। एक परिवार और एक पार्टी को यह लगने लगा कि वे शासन करने के लिए ही पैदा हुए हैं। गुजरते वक्त के साथ, इस मानसिकता ने संस्थाओं को खोखला कर दिया और पीढ़ियों को राजनीतिक विशेषाधिकार को जन्मसिद्ध अधिकार मानने के लिए प्रेरित किया। इस धारणा को अब योग्यता, जवाबदेही और प्रदर्शन पर आधारित नई राजनीतिक नैतिकता द्वारा चुनौती दी जा रही है।

हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित वन नेशन, फ्यू फैमिलीज शीर्षक लेख में भारत में वंशवादी राजनीति के जारी रहने को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है। यह लेख जिस मुद्दे को उजागर करता है वह वास्तविक तो है, लेकिन उसकी व्याख्या अधूरी है। वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता।

यह एक मौलिक अंतर है। राजनीतिक रिश्तेदारी अपने आप में कोई समस्या नहीं है। लेकिन वंशानुगत नियंत्रण एक समस्या है। जब नेतृत्व एक ही परिवार की मिल्कियत बन जाए, जब आंतरिक बहस की जगह रक्त संबंधों के प्रति निष्ठा ले ले, तो लोकतंत्र मुरझा जाता है। राजनीतिक संस्कृतियों के बीच का यह अंतर काफी गहरा है। वर्ष 2000 से, भारतीय जनता पार्टी के आठ राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं- बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा। ये सभी अलग-अलग क्षेत्रों एवं पृष्ठभूमि से आए हैं और इनमें से प्रत्येक संगठनात्मक कार्य के अनुशासन के रास्ते आगे बढ़े हैं। इसी अवधि के दौरान, कांग्रेस के मात्र तीन अध्यक्ष ही हुए हैं, जिनमें से दो गांधी परिवार से हैं। सोनिया गांधी उन्नीस वर्षों तक इस पद पर रहीं और आज भी पार्टी में इस परिवार का निर्णय ही अंतिम होता है।

इंडियन एक्सप्रेस का विश्लेषण, इन अंतरों को कम करके मौलिक रूप से भिन्न राजनीतिक हकीकतों को एक जैसा बना देता है। आकस्मिक रिश्तेदारी और संस्थागत कब्जे के बीच अंतर किए बिना ही, यह विश्लेषण राजनीति में रिश्तेदारों वाले विधायकों की संख्या की गिनती करता है। भाजपा के 2,078 विधायकों में से 84 राजनीतिक परिवारों से आते हैं, जो लगभग चार प्रतिशत है। कांग्रेस के 857 विधायक हैं, जिनमें से 73 वंशवादी हैं, जो लगभग नौ प्रतिशत है। आनुपातिक रूप से मापने पर, कांग्रेस का वंशवादी घनत्व दोगुना है। फिर भी, इस लेख में संख्याओं की गिनती का हवाला देकर एक झूठी समरूपता गढ़ी गई है।

कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केन्द्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। समाजवादी पार्टी की बागडोर मुलायम सिंह यादव से निकलकर अखिलेश यादव के पास चली गई। राष्ट्रीय जनता दल यादव परिवार के ही अधीन है। द्रमुक की लगाम एम. करुणानिधि से एम. के. स्टालिन और अब उदयनिधि स्टालिन के पास चली गई। तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के इर्द-गिर्द ही घूमती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सोरेन परिवार का नियंत्रण बना हुआ है। ये बहुलवादी नेतृत्व के नहीं, बल्कि विरासत में मिले नेतृत्व के उदाहरण हैं। परिवार को हटा दिया जाये, तो पार्टी ढह ही जाये। इस बात को समझने के लिए कि भाजपा अलग तरह से क्यों काम करती है, हमें इसके संस्थागत ढांचे पर गौर करना होगा। भाजपा का संगठन स्तरीकृत, सामूहिक और लक्ष्य-उन्मुख है। वहां कार्यकर्ताओं को बहुत जल्दी ही पहचान लिया जाता है और उन्हें व्यवस्थित कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है और बूथ, मंडल, जिला और राज्य स्तर पर जिम्मेदारी देकर परखा जाता है। प्रत्येक चरण में किया गया प्रदर्शन अगले अवसर का निर्धारण करता है। चुनाव जीते जाने वाली प्रतियोगिताएं होती हैं, लेकिन ये संगठन की लामबंदी, लोगों को समझाने और परिणाम देने की क्षमता का भी लेखा-जोखा होती हैं। यह संरचना एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करती है जिसमें सेवा, अनुशासन और परिणाम ही आगे बढ़ने के पैमाने हैं। नेतृत्व की पाइपलाइन की भी यही कहानी है। वर्ष 2014 से पार्टी ने पहली पीढ़ी के वैसे नेताओं को आगे बढ़ाया है जो भारत की सामाजिक गतिशीलता को दर्शाते हैं। छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं ने निरंतर जमीनी स्तर पर काम करके अपना करियर बनाया। ओडिशा में मोहन माझी ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व मिलने से पहले संगठन और विधानमंडल में वर्षों बिताए। हरियाणा में नायब सिंह सैनी एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और राजस्थान में भजन लाल शर्मा वर्षों तक निर्वाचन क्षेत्र में काम करके और पार्टी की जिम्मेदारी निभाकर आगे बढ़े। इनमें से किसी को भी राजनीतिक पद विरासत में नहीं मिला। इनमें से प्रत्येक इस बात के उत्कृष्ट उदाहरण हैं कि एक योग्यता-आधारित पार्टी में नेतृत्व कैसे अर्जित किया जा सकता है। भाजपा का संसदीय और सरकार में रहने का अनुभव भी पहुंच और प्रभुत्व के बीच के अंतर को दर्शाता है। कई युवा नेताओं को दृश्यता और जिम्मेदारी दी जाती है, लेकिन उनका मूल्यांकन उनके काम के आधार पर किया जाता मंत्रियों का मूल्यांकन परिणामों, सुधारों और जन संवाद के आधार पर किया जाता है।

# देश की एकता को कमजोर करने वाली बातों से दूर रहें’, राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर वे 140 करोड़ भारतीयों को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल ने 550 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने का असंभव लगने वाला कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज करोड़ों लोगों ने एकता की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे कार्यों को बढ़ावा देना चाहिए जो देश की एकता को मजबूत करें, और हर नागरिक को उन विचारों और कार्यों से दूर रहना चाहिए जो एकता को कमजोर करते हैं। यह हमारे देश के लिए समय की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि जिस प्रकार हम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं, उसी तरह एकता दिवस का भी हमारे जीवन में विशेष महत्व है। यह दिन प्रेरणा और गर्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एकता नगर में एकता मॉल, एकता गार्डन और एकता के सूत्र को सशक्त करने वाले कई प्रतीक दिखाई देते हैं। देशभर में आयोजित ‘रन फॉर यूनिटी’ में करोड़ों



भारतीयों का उत्साह नए भारत की संकल्प शक्ति को दर्शाता है।

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि यहां हुए कार्यक्रमों और कल शाम की शानदार प्रस्तुतियों में भारत की परंपरा, वर्तमान का परिश्रम और भविष्य की झलक एक साथ दिखाई दी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का मानना था कि हमें इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, बल्कि इतिहास बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। उनकी नीतियों और निर्णयों ने देश के इतिहास में नया अध्याय जोड़ा।

### 150वीं जयंती पर सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर लौह पुरुष की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह का नेतृत्व किया, जो भारत की एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर एक वीडियो भी एक्स पर साझा किया, जिसमें पटेल की उपलब्धियों को अपनी आवाज में बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो साझा कर लिखा, भारत सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता है। वे भारत के एकीकरण के पीछे प्रेरक शक्ति थे, और इस प्रकार हमारे राष्ट्र के प्रारंभिक वर्षों में इसके भाग्य को आकार दे रहे थे।

## विविध-समाचार

### नोएडा की अनुरक्षण व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, कई निर्देश जारी

नोएडा (आरएनएस)। मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय डॉ. लोकेश एम द्वारा नोएडा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर नोएडा की अनुरक्षण व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण के ए0के0 अरोड़ा, महाप्रबन्धक (सिविल) व विजय रावल उप महाप्रबन्धक (सिविल) एवं वर्क सर्किल 1,2,3,6 के वरिष्ठ प्रबन्धक एवं जनस्वास्थ्य विभाग -2 के परियोजना अभियन्ता उपस्थित रहे । मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा भ्रमण के दौरान शहर के उद्योग मार्ग, एम.पी. - 1 मार्ग, एम.पी.-2 मार्ग, डी.एस.सी. मार्ग, जोनल रोड सं0-6 व 8 तथा सैक्टर - 8, 9, 11, सैक्टर-75, 76, 77, कैलाश अस्पताल के सामने वाले मार्ग इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा दृष्टिगत हुई कमियों के निराकरण हेतु निर्देश दिए गए जैसे कि सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर सडक़ों पर उत्पन्न गड्ढों की मरम्मत हेतु बनाये गये पैच सडक़ के लेवल के बराबर नहीं है । इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि भविष्य में किये जाने वाले पैच - रिपेयर को सडक़ के लेवल पर बनाया जाये। सडक़ों पर विभिन्न स्थानों पर व्हीप - होल बन्द पाये गये, जिनकी सफाई करवाते हुए खुलवाने हेतु जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया । सैक्टर-1 में एक औद्योगिक भूखण्ड से नाले में सीवर प्रवाहित होता हुआ पाया गया,जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित औद्योगिक इकाई को नोटिस निर्गत करने हेतु वर्क सर्किल - 1 के वरिष्ठ प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। साथ ही अन्य क्षेत्रों का भी निरीक्षण करते हुए नोटिस निर्गत की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

### रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी

नई दिल्ली , (आरएनएस)। दीपावली व छठ पर्व पर यात्रियों के सुगम आवगमन हेतु नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया था जिसको यात्रियों द्वारा काफी सराहा गया। इसी की सफलता को देखते हुए माननीय रेल मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्टेशन की तर्ज पर भारतीय रेलवे के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है।

देश भर में भारतीय रेलवे के 76 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया विकसित किए जाएंगे। माननीय रेल मंत्री जी के निर्देशानुसार सभी होल्डिंग एरिया 2026 के त्यौहारी सीज़न से पहले ही बन कर तैयार किए जाने है। उत्तर रेलवे के नामित स्टेशन:- नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली जं, गाजियाबाद, जम्मू तवी, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, लुधियाना, लखनऊ , वाराणसी, अयोध्या धाम, हरिद्वार। सहित 76 स्टेशनों की सूची है।

### भारत-अमेरिका ने 10-वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए

#### -रक्षा मंत्री बोले- ये नए अध्याय की शुरुआत

नईदिल्ली(आरएनएस)। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा मामलों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने 10 साल के लिए रक्षा फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए हैं। मलेशिया में भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक के बाद अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इसकी जानकारी दी है। हेगसेथ ने कहा कि यह रूपरेखा हमारी रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और प्रतिरोध की आधारशिला है।

हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने अभी-अभी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और 10 वर्षीय अमेरिका-भारत रक्षा ढांचे पर हस्ताक्षर किए। यह हमारी रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और प्रतिरोध की आधारशिला है। हम अपने समन्वय, सूचना साझाकरण और तकनीकी सहयोग को बढ़ा रहे हैं। हमारे रक्षा संबंध पहले कभी इतने मजबूत नहीं रहे हैं। मलेशिया के कुआलालंपुर में हुई ये बैठक दोनों देशों के रक्षा मामलों में बढ़ते सहयोग को दर्शाती है।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि रक्षा रूपरेखा समझौते के साथ ही भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों का नया अध्याय शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, हमने 3 बार फोन पर बातचीत की है। मुझे आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर खुशी हो रही है। इस अवसर पर मुझे लगता है कि रक्षा रूपरेखा पर हस्ताक्षर के साथ आज एक नया अध्याय शुरू होगा। मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। रक्षा फ्रेमवर्क में रणनीतिक रसद, संयुक्त उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए भी अहम माना जा रहा है। यह समझौता सैन्य संचालन को मजबूत करेगा, जिससे एक-दूसरे के ठिकानों, रसद और रखरखाव सुविधाओं का निर्बाध उपयोग संभव होगा।



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने कुआलालंपुर में अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी की रूपरेखा पर एक समझौते का आदान-प्रदान किया*

## कटे हुए पैर की उंगली से बनाया हाथ का अंगूठा, दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों का अद्भुत कारनामा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में चिकित्सकों की एक विशेषज्ञ टीम ने चिकित्सा विज्ञान की एक अनोखी मिसाल पेश की है। टीम ने एक युवक के काटे गए पैर की उंगली से नया अंगूठा बनाकर उसे उसके हाथ में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया।अस्पताल के प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और हैंड माइक्रोसर्जरी विभाग की टीम ने यह जटिल सर्जरी 20 वर्षीय युवक पर की, जिसने सड़क दुर्घटना में अपना बायां पैर (घुटने के नीचे तक) और बाएं हाथ का अंगूठा खो दिया था। दुर्घटना के तुरंत बाद युवक को अस्पताल लाया गया, जहां ट्रॉमा टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। जांच में पाया गया कि मरीज के पैर और अंगूठे में गंभीर चोटें थीं, जिससे उन्हें दोबारा जोड़ना संभव नहीं था। ऐसे में डॉक्टरों ने मरीज के परिजनों की अनुमति लेकर एक कठिन निर्णय लिया—काटे गए पैर की दूसरी उंगली का उपयोग कर हाथ के लिए नया अंगूठा तैयार करने का।यह जटिल सर्जरी अस्पताल के प्लास्टिक,





कॉस्मेटिक और माइक्रोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. महेश मंगले के नेतृत्व में की गई। टीम में डॉ. निखिल झुनझुनवाला (कंसल्टेंट, हेड एंड माइक्रोसर्जन), डॉ. अर्जुन कृष्णा (डीएनबी रेजिडेंट) और डॉ. ऋषिका बचानी (डीएनबी रेजिडेंट) भी शामिल थे।चिकित्सकों के अनुसार, यह सर्जरी न केवल हाथ की कार्यक्षमता को बहाल करने में सफल रही, बल्कि जिस अंग को बचाया नहीं जा सकता था, उसका उपयोग कर मरीज के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया गया।सर गंगा राम अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में माइक्रोसर्जरी की शुरुआत वर्ष 1981 में हुई थी।

### रोहतक में पुलिस मुठभेड़ के बाद पांच बदमाश गिरफ्तार, व्यापारी की दुकान पर करने वाले थे फायरिंग

रोहतक (आरएनएस)। हरियाणा के रोहतक में शुक्रवार सुबह पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इसके बाद पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए। जानकारी के अनुसार जसिया से धमार रोड पर एक संदिग्ध कार पुलिस को आती दिखाई दी, जिसमें पांच युवक सवार थे। पुलिस टीम ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक आरोपी साहिल के दाहिने पैर में गोली लग गई।

पुलिस ने मौके पर ही सभी पांचों आरोपियों—साहिल,, प्रवीण, गौरव शर्मा, मोहित उर्फ काला और सन्नी उर्फ चमरा—को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से एक देसी पिस्तौल, तीन कारतूस, एक तलवार, तीन लाठियां और एक कार बरामद की।प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी अक्षय और नरेश उर्फ सेठी निवासी सिलानी के इशारे पर काम कर रहे थे। उन्हें एक व्यापारी की कपड़ों की दुकान पर फायरिंग करने का काम सौंपा गया था। गिरफ्तार आरोपियों में से तीन के खिलाफ पहले से ही हत्या के प्रयास, डकैती, स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की आगे जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 15 अक्टूबर को हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई थी, जिसमें कुख्यात अपराधी आबिद निवासी बिछौर और उसके साथी जाहिद हुसैन थाना शहर पुन्हाना को गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरा देख आबिद ने अपने पास मौजूद अवैध हथियार से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी थी।

एक गोली एएसआई सूरज की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी थी, जिससे वह बाल-बाल बच गए थे।

## पाक और चीन की खैर नहीं, राफेल की बढ़ेगी ताकत; भारतीय वायुसेना को जल्द मिलेंगे ‘मेटेओर’ मिसाइल



नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम पर हुए आतंकवादी हमले के जवाब में मई में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों और आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई की थी। इस ऑपरेशन की सफलता के बाद भारतीय वायुसेना अपनी मारक क्षमता और दूरपरिधि क्षमताओं को और मजबूत करने की तैयारी में है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, वायुसेना बड़ी संख्या में यूरोपीय निर्मित मेटेओर एयर-टू-एयर मिसाइलें खरीदने की योजना बना रही है। इन मिसाइलों में रैमजेट प्रणोदन प्रणाली है, जो उच्च गति और लंबी मारक दूरी देने के साथ पहला वार, पहली जीत सिद्धांत में दक्षता प्रदान करती हैं। खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में अंतिम चरण में पहुंच चुका है और उच्चस्तरीय बैठक में जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

वर्तमान में भारतीय वायुसेना के 36 राफेल लड़ाकू विमानों पर मेटेओर मिसाइलें तैनात हैं, जो 2016 में फ्रांस से खरीद के बाद से इन विमानों का हिस्सा हैं। भविष्य में नौसेना के लिए ऑर्डर किए गए 26 राफेल मरीन जेट्स में भी इन मिसाइलों को शामिल करने की योजना है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय विमानों ने लंबी दूरी से दुश्मन ठिकानों को निशाना बनाया था। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी वायुसेना ने जवाब में चीनी PL-15 मिसाइलों का उपयोग किया, मगर वे भारतीय विमानों को हिट करने में सफल नहीं रहीं।साथ ही, भारत ने विदेशी प्रणालियों के साथ-साथ स्वदेशी क्षमता मजबूत करने की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। डीआरडीओ वर्तमान में 700 से अधिक ‘अस्त्र मार्क-2’ मिसाइलें विकसित कर रहा है, जिनकी अनुमानित मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक होगी। इन्हें सुखोई-30 और तेजस (LCA) जैसे विमानों पर लागू किया जाना प्रस्तावित है। राफेल बेड़े को मेटेओर के साथ-साथ भविष्य में स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइलें प्रदान करने की भी योजना है।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि मेटेओर मिसाइलों की नई खेप मिलने से भारत की हवाई सीमा सुरक्षा में गुणात्मक सुधार होगा और दुश्मन पर दूर से प्रभावी प्रहार करने की क्षमता बढ़ेगी। इस कदम से भारतीय वायुक्षेत्र की सामरिक सुदृढ़ता में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को राजधानीवासियों ने किया याद

रायपुर, (आरएनएस)। भारत के लौह पुरुष एवं पूर्व पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल 150 वीं जयंती पर आज राजधानी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृतज्ञ राष्ट्र ने आज का दिन एकता दिवस के रूप में मनाया तथा रन फार यूनिटी के तहत आयोजित दौड़ में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मिली जानकारी के अनुसार आज प्रदेश के मुख्य सचिव विकासशील ने महानदी मंत्रालय के अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी शामिल हुए। नगर निगम में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया गया।

## रेलवे स्टेशनों पर अब ब्रश करना, बर्तन धोना और थूकना पड़ेगा महंगा, यात्रियों पर लगेगा भारी जुर्माना

नई दिल्ली((आरएनएस)। अगर आप ट्रेन यात्रा के दौरान प्लेटफॉर्म पर लगे नल से ब्रश करते हैं या खाना खाने के बाद बर्तन धोते हैं, तो अब सावधान हो जाइए। रेलवे ने ऐसे यात्रियों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। रेल अधिनियम 1989 के तहत स्टेशन परिसर में तय स्थानों को छोड़कर अन्य जगह ब्रश करना, थूकना, कपड़े या बर्तन धोना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में यात्रियों पर 500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। स्वच्छता बनाए रखने के लिए रेलवे का विशेष अभियान रेलवे अधिकारियों के अनुसार, स्टेशनों पर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अभियान



चलाया जा रहा है। वाणिज्य निरीक्षक प्रभारी डीडी शुक्ला ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय और वॉशरूम जैसे विशेष स्थान तय किए गए हैं। उन्होंने कहा, प्लेटफॉर्म पर लगे नलों या खुले स्थानों पर व्यक्तिगत स्वच्छता के कार्य करना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अन्य यात्रियों के लिए असुविधाजनक भी है।

#### निरीक्षण और जुर्माने की कार्रवाई

शुक्ला ने बताया कि वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किए जा रहे हैं और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। जल्द ही सभी स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें ऐसे यात्रियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे निर्धारित शौचालयों और वॉश बेसिन का ही उपयोग करें। साथ ही चिप्स के रैपर, बोतलें या अन्य कचरा ट्रेन या स्टेशन पर न फेंकें। रेलवे ने कहा है कि स्वच्छता बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है, नियम तोड़ने पर जुर्माना और यात्रा में परेशानी दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

### पत्नी के आशिक से पति ने की दोस्ती, फिर शराब पिलाकर पहले काटा गला और दी दिल दहला देने वाली मौत

लुधियाना (आरएनएस)। पंजाब के लुधियाना में एक युवक का शव बोरी में मिलने से सनसनी फैल गई। शव खून से लथपथ था, और उस पर छाती में गोली तथा गले पर धारदार हथियार के गहरे निशान मिले। मृतक की पहचान मनीष (अविवाहित, निवासी लुधियाना) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया है।

मृतक के भाई अश्विनी कुमार ने बताया कि मनीष पिछले कई सालों से लुधियाना में एक फैक्ट्री में बटन लगाने का काम करता था। करीब छह महीने पहले उसी फैक्ट्री में काम करने वाली एक महिला से उसका अफेयर शुरू हुआ था। परिवार को इस बात की जानकारी नहीं थी, लेकिन मनीष के दोस्त मनोरंजन को सब कुछ पता था। अश्विनी ने बताया कि 27 अक्टूबर को मनीष काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला और उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की और दोस्त मनोरंजन से पूछताछ की। मनोरंजन ने बताया कि मनीष की एक शादीशुदा महिला से बातचीत होती थी, जो मूल रूप से सीतामढ़ी (बिहार) की रहने वाली है। जब परिजन गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, तो वहां उन्हें मनीष की खून से लथपथ तस्वीर दिखाई गई। इसी के बाद परिवार ने महिला के पति पर शक जताया।परिजनों का आरोप है कि महिला के पति ने ही शराब पिलाकर मनीष की हत्या की। बताया गया कि जब परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो वह घबराने लगा और मौके से फरार हो गया। मनीष के दोस्त मनोरंजन ने पुलिस को बताया कि महिला के पति ने पहले अपनी पत्नी को गांव भेजा, फिर मनीष से दोस्ती कर ली। उसने उसे अपने कमरे पर बुलाया और शराब व खाना खिलाने के बहाने उसके साथ बैठा। फिर विवाद के दौरान उसने मनीष को कमरे में बंद कर दिया, छाती में दो गोलियां मारीं, और गला रेत दिया। अगले दिन कासाबाद इलाके में सड़क किनारे बोरी में उसका शव बरामद हुआ।

# कैटरीना की प्रेग्नेंसी फोटो वायरल करने वालों पर भड़कीं सोनाक्षी सिन्हा, सुनाई खरी-खोटी; बोलीं- 'यह शर्मनाक है'





कैटरीना कैफ ने कुछ महीनों पहले फैंस को अपनी प्रेग्नेंसी न्यूज शेयर की। बेबी बंप के साथ एक फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की। हाल ही में एक पैपराजी पोर्टल ने उनकी मर्जी के बिना प्रेग्नेंसी की फोटोज वायरल कर दी। इस बात पर सोनाक्षी सिन्हा भड़क गई हैं।

सितंबर महीने में विक्की कौशल और कैटरीना कैफ एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर की। इस पोस्ट में कैटरीना की प्रेग्नेंसी न्यूज साझा की गई। सेलेब्स से लेकर फैंस तक ने कपल को बधाई दी। शुक्रवार को अचानक कैटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की कुछ फोटो वायरल हो गईं।

**घर की बालकनी पर खड़ी कैटरीना की ली गई फोटो**

अचानक सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसमें प्रेग्नेंट कैटरीना अपने घर की बालकनी पर खड़ी है। पैपराजी ने बिना एक्ट्रेस की मर्जी के ये फोटोज लीं और पब्लिश कर दी। इससे कैटरीना के फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स भड़क गए। साथ ही सोनाक्षी सिन्हा ने भी कैटरीना की प्रेग्नेंसी फोटोज को बिना परमिशन पब्लिश करने वालों पर सवाल खड़े कर दिए।

**सोनाक्षी ने फोटो वायरल करने वालों को सुनाई खरी-खोटी**

सोनाक्षी सिन्हा ने कैटरीना की प्रेग्नेंसी फोटो वाली पोस्ट पर रिएक्ट किया। वह लिखती हैं, 'आपको क्या समस्या है? आपने एक महिला की परमिशन के बिना तस्वीर खींची और उसे सोशल प्लेटफॉर्म पर पब्लिश किया। क्या यह गलत नहीं है? आप किसी अपराधी से कम नहीं हैं। यह शर्मनाक है।'

**सोनाक्षी पहले भी दिखा चुकी हैं ऐसी बेबाकी**

सोनाक्षी सिन्हा पहले भी सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वालों को जवाब दे चुकी हैं। जब जहीर इकबाल से शादी के बाद उन्हें ट्रोल किया गया तो एक्ट्रेस ने ट्रोल्स को करारा जवाब दिया। अब वह कैटरीना कैफ को सपोर्ट कर रही हैं। स्टार्स की प्राइवेसी जैसी मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रही हैं। सोनाक्षी के करियर फ्रंट की बात करें तो जल्द ही उनकी एक साउथ फिल्म 'जटाधरा' रिलीज होगी।

# पार्वती, डॉन और दिलीश बड़े परदे पर एक साथ आएंगे नजर



मुंबई (ए.)। साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु अब मलयालम सिनेमा के चर्चित निर्देशक डॉन पलथारा की अगली फिल्म की हीरोइन बनने जा रही हैं। यह पहली बार है जब पार्वती, डॉन पलथारा और दिलीश पोथन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। तीनों के सहयोग को मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में एक "ड्रीम कोलैबोरेशन" माना जा रहा है, जो नई सिनेमाई बातचीत को जन्म दे सकता है। पार्वती ने इस खबर की पुष्टि इंस्टाग्राम पर स्क्रिप्ट की तस्वीर साझा करते हुए की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "डॉन पलथारा की बनाई दुनिया में कदम रख रही हूं, वह भी दिलीश पोथन के साथ। इंतजार नहीं हो रहा।" उनके इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर फैंस और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाइयां दीं। डॉन पलथारा का सिनेमा अपनी शांत लेकिन गहरी कहानियों, रिश्तों की जटिलता और सूक्ष्म भावनाओं के लिए जाना जाता है। पार्वती की संवेदनशील और परतदार अदाकारी डॉन की सिनेमाई शैली से एकदम मेल खाती है। वहीं, दिलीश पोथन न केवल एक शानदार निर्देशक हैं, बल्कि एक बेहतरीन और सहज अभिनेता भी हैं, जिनकी उपस्थिति हर फ्रेम में गहराई जोड़ती है।

फिल्म की कहानी अभी तक गोपनीय रखी गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, यह एक इमोशन-ड्रिवन ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी शूटिंग जल्द ही केरल में शुरू होने वाली है। पार्वती ने कहा, डॉन की फिल्में हमारी जिंदगी और हमारे प्यार करने के तरीकों को बिना जजमेंट और शोर के पेश करती हैं। उनके साथ काम करना हर एक्टर के लिए एक तरह की आजादी है।

# अदिति राव हैदरी ने हर ऐतिहासिक किरदार को कर दिया जीवंत

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी उन चुनिंदा कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने पर्दे पर शाही अंदाज, नाजुक अभिव्यक्ति और मजबूत अभिनय का बेहतरीन संगम दिखाया है। चाहे 'पद्मावत' में रानी मेहरुन्निसा का किरदार हो या वेब सीरीज 'ताज डिवाइडेड बाय ब्लड' में अनारकली की भूमिका, अदिति ने हर ऐतिहासिक किरदार को जीवंत कर दिया।



28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में जन्मी अदिति का संबंध एक शाही परिवार से है। वह अकबर हैदरी की परपोती और असम के पूर्व गवर्नर मोहम्मद सालेह अकबर हैदरी की पोती हैं। उनके नाना जे. रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति के पिता एहसान हैदरी मुस्लिम हैं और मां विद्या राव हिंदू हैं, इसलिए वह अपने नाम में दोनों का उपनाम प्राउडली रखती हैं। अदिति ने फिल्मी सफर की शुरुआत 2006 में मलयालम फिल्म प्रजापति से की थी। इसके बाद वह बॉलीवुड में दिल्ली-6 के जरिए नजर आईं। हालांकि फिल्म में उनका रोल छोटा था, लेकिन उनकी मासूमियत और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का ध्यान खींचा। 2011 में आई ये साली जिंदगी और रॉकस्टार जैसी फिल्मों ने उनके करियर को नई दिशा दी। रणबीर कपूर के साथ उनकी जोड़ी और अभिनय को सराहा गया। इसके बाद अदिति ने मर्डर 3, फितूर, वजीर जैसी फिल्मों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मगर उन्हें असली पहचान मिली संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत से, जिसमें उन्होंने रानी मेहरुन्निसा का किरदार निभाया।

इस भूमिका में अदिति ने शाही गरिमा, दर्द और संवेदनशीलता को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस किरदार ने उन्हें ऐतिहासिक फिल्मों की दुनिया में खास स्थान दिलाया। उनकी लोकप्रियता तब और बढ़ी जब उन्होंने वेब सीरीज ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड में अनारकली का किरदार निभाया। इस सीरीज में उनका शाही अंदाज, गहराई भरा अभिनय और भावनाओं की सादगी दर्शकों को बेहद पसंद आई। अदिति ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह सिर्फ खूबसूरती की प्रतीक नहीं, बल्कि दमदार अभिनय की मिसाल भी हैं।

# आयुष्मान खुराना की 'थामा' ने मारी शतक, 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई पांचवीं फिल्म

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की हालिया रिलीज़ फिल्म 'थामा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करते हुए आयुष्मान की करियर की एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। इस सफलता से उत्साहित आयुष्मान ने कहा कि किसी भी कलाकार के लिए यह क्षण बेहद खास होता है जब उनकी फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल साबित होती है। उन्होंने कहा, फिल्म की व्यावसायिकता मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण अनुभव है। मैंने हमेशा अपनी फिल्मों में नए और अलग तरह के कंटेंट को प्राथमिकता दी है, और 'थामा' की सफलता ने यह साबित कर दिया कि दर्शक अभी भी ओरिजिनल और यूनिक कहानियों को पसंद करते हैं।




आयुष्मान के लिए यह लगातार पांचवीं फिल्म है जिसने 100 करोड़ क्लब में एंट्री की है। इससे पहले उनकी 'ड्रीम गर्ल' ने 142.26 करोड़, 'ड्रीम गर्ल 2' ने 104.90 करोड़, 'बधाई हो' ने 137.61 करोड़ और 'बाला' ने 116.81 करोड़ रुपये की कमाई की थी। अब 'थामा' ने भी 103.50 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन दर्ज कर आयुष्मान के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड को और मजबूत कर दिया है। अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अभिनेता ने कहा, जब दर्शक मेरी फिल्मों को पसंद करते हैं, उनकी तारीफ करते हैं और दूसरों को देखने के लिए प्रेरित करते हैं, तो वह मेरे लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं होता। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि लोगों ने मेरे काम और अभिनय को इतने प्यार से अपनाया है। फिल्म 'थामा' में आयुष्मान खुराना के साथ नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रश्मिका मंदाना प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कहानी एक काल्पनिक दुनिया में सेट की गई है, जहां इंसान और वैंपायर का अनोखा संघर्ष देखने को मिलता है। आयुष्मान इसमें एक पत्रकार की भूमिका निभा रहे हैं, जो रश्मिका और नवाजुद्दीन के वैंपायर किरदारों के बीच चल रही जंग में उलझ जाता है। दिलचस्प बात यह है कि 'थामा' में वरुण धवन की फिल्म 'भेड़िया' के साथ एक क्रॉसओवर भी शामिल है, जिससे यह फिल्म मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बन गई है। इस यूनिवर्स में पहले 'स्त्री', 'भेड़िया' और 'मुंज्या' जैसी हिट फिल्में शामिल रही हैं। अपनी अनोखी कहानी, डर और हास्य के संगम तथा शानदार अभिनय के चलते 'थामा' ने दर्शकों को बांधे रखा है और बॉक्स ऑफिस पर नई ऊंचाइयां हासिल की हैं।

# तीन दशकों बाद फिर लौटेगी 'रंगीला' का रंगीन जादू




## 4के रीस्टोर्ड वर्जन में होगी दोबारा रिलीज़

मुंबई (ए.)। 90 के दशक की सदाबहार रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने आ रही है। आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ अभिनीत यह क्लासिक फिल्म अपनी रिलीज़ के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बड़े पर्दे पर दोबारा दिखाई जाएगी। 'रंगीला' का 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन इमर्सिव साउंड क्वालिटी के साथ 28 नवंबर 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाएगा। यह पहल फिल्म के पुराने प्रशंसकों के लिए यादों की ताज़गी लेकर आएगी, वहीं नई पीढ़ी को इस टाइमलेस फिल्म के जादू से रूबरू कराएगी।

अल्ट्रा मीडिया द्वारा उनकी विशेष पहल 'अल्ट्रा रिवाइंड' के तहत इस फिल्म को तकनीकी रूप से बहाल किया गया है। इसका नया 4के संस्करण दर्शकों को बेहतर शार्पनेस, रंगों की स्पष्टता और असाधारण इमेज क्वालिटी का अनुभव देगा। राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित 'रंगीला' को भारतीय सिनेमा में एक मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म की कहानी, ए.आर. रहमान का अविस्मरणीय संगीत और मुंबई की चमकदार दुनिया का स्टाइलिश चित्रण आज भी उतना ही प्रासंगिक महसूस होता है जितना 1995 में था। निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने इस अवसर पर कहा, "'रंगीला' ने आकांक्षा की भावना को दर्शाया यह दिखाया कि साधारण लोग भी बड़े सपने देख सकते हैं। इसकी सफलता ने साबित किया कि जब सिनेमा परंपराओं को तोड़ता है, तभी वह अमर बनता है। वहीं, अल्ट्रा मीडिया के सीईओ ने कहा, हमारे 'अल्ट्रा रिवाइंड' इनिशिएटिव के ज़रिए हम ऐसी कालजयी फिल्मों को आधुनिक दर्शकों के सामने एक नए अनुभव के साथ पेश करना चाहते हैं। 'रंगीला' को 4के फॉर्मेट में दोबारा पेश करना इसी दिशा में एक कदम है। अल्ट्रा मीडिया ग्रुप की इस नई पहल के तहत 'रंगीला' दूसरी फिल्म है जिसे बड़े पर्दे पर दोबारा रिलीज़ किया जा रहा है। इससे पहले गुरु दत्त की जन्म शताब्दी के मौके पर 'प्यासा', 'साहिब बीबी और गुलाम' और 'कागज के फूल' जैसी क्लासिक फिल्मों को भी 4के रीस्टोर्ड फॉर्मेट में दर्शकों तक पहुंचाया गया था। तीन दशक बाद, जब 'रंगीला' फिर से सिनेमाघरों में लौटेगी, तो यह सिर्फ एक फिल्म की वापसी नहीं होगी, बल्कि 90 के दशक के रोमांस, संगीत और सपनों की उस रंगीन दुनिया का पुनर्जागरण होगा, जिसने हिंदी सिनेमा को नई दिशा दी थी।

# धनश्री ने पूरा किया भोजपुरी स्टार पवन सिंह से निभाया वादा; गुलाबी साड़ी-माथे पर बिंदी लगाए दिया संस्कारी लुक



बीते दिनों धनश्री वर्मा रियलिटी शो राइज एंड फॉल से काफी चर्चाओं में रही थीं। आज वो एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो गुलाबी रंग की साड़ी पहने दिख रही हैं। नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, जिसमें वो भोजपुरी अभिनेता को इसके लिए जिम्मेदार मान रहे हैं।

**पिंक साड़ी पहन धनश्री ने खींचा ध्यान**

डांसर-कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड में पिंक कलर की साड़ी पहने सज- संवरकर पहुंची। इसमें उन्हें माथे पर बिंदी लगाए भी देखा गया। धनश्री का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

**पवन सिंह का क्यों हो रहा जिक्र ?**

धनश्री वर्मा का साड़ी पहने वीडियो सामने आते ही लोग भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं। आपको बताते चलें कि राइज एंड फॉल शो में पवन सिंह और धनश्री बतौर प्रतियोगी नजर आए थे। इस दौरान अभिनेता ने धनश्री से साड़ी पहनने के लिए कहा था। इतना ही नहीं उन्होंने इस शो के फाइनल में आकर धनश्री को एक साड़ी भी गिफ्ट की थी और इसे पहनने लिए कहा था। इसी वजह से डांसर का ये साड़ी लुक देख फैंस पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं।

**नेटिजंस ने दी प्रतिक्रिया**

इस वीडियो पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक यूजर ने कहा, 'पवन सिंह का ये डिमांड था, तो पूरा करना तो बनता था।' दूसरे यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'पवन भैया की फरमाइश पूरी हो गई।' एक और नेटिजंस ने लिखा, 'पवन भैया ने गिफ्ट की है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कहा कि कितनी सुंदर लग रही हैं वो इस साड़ी में।

# आज और कल होगी सावंले देव की पूजा, एक बार फिर दीपावली की तरह होगी आतिशबाजी

## देव उठनी एकादशी पर गुलजार होगा बाजार, धूमधाम से मनेगा गन्या ग्यारस पर्व

नर्मदापुरम (निप्र)। दीपावली के ग्यारहवें दिन फिर एक बार दीपावली जैसा महौल रहेगा। गन्ना ग्यारस धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। एक बार फिर जमकर आतिशबाजी होगीं। बाजार गुलजार होने लगे हैं। आज और कल दो दिन गन्ना ग्यारस होने से गन्ने से सजे मंडप के नीचे भगवान शालिगराम और माता तुलसी का विवाह कराया जाएगा। इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है। मंगलगीत के बीच महिलाएं बेर भांजी आंवला उठो देव सांवला के जयकारे लगाएंगी। गन्ना ग्यारस से एक दिन पूर्व ही बाजार में गन्ना बेचने के लिए व्यापारी आने लगे हैं।

### वैवाहिक कार्यक्रमों की होगी शुरूआत

मान्यता है कि देवशयनी ग्यारस से भगवान विष्णु क्षीरसागर में शयन हेतु चले जाते हैं। इस वजह से किसी भी तरह के मांगलिक विशेषकर वैवाहिक कार्यक्रम चार महीने के लिए बंद हो जाते हैं। देवउठनी ग्यारस के साथ ही वैवाहिक व मांगलिक कार्यक्रमों की धूम शुरू हो जाती है। ग्यारस के दिन धूमधाम से तुलसी विवाह के आयोजन होंगे। यह पुरानी पंरपरा है कि




कार्तिक एकादशी पर तुलसी और भगवान विष्णु का विवाह वैदिक रीति रिवाज से संपन्न कराया जाता है।

### सजेंगे गन्ने के मंडप

बेर भाजी आंवला उठो देव सांवला यह विनती करते हुए हिंदू धर्मावलंबियों के द्वारा मान्यतानुसार देव उठनी ग्यारस मनाई जावेगी। इस मौके पर गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी और सालिगराम का ब्याह रचाया जाएगा। जिले में गन्ने की पैदावार कम होने से इस बार गन्ने महंगे रहेंगे। लेकिन बड़ी मात्रा में बाहर से गन्ने की आवक शुरू हो गई है। भगवान विष्णु की आराधना के साथ विभिन्न स्थानों पर तुलसी विवाह के आयोजन भी किए जाएंगे। पूजन के लिए आंगन में गन्नों की झोपड़ी अथवा मंडप सजाया गया। इस दौरान बाजार में बेर, भाजियां, आंवला, पूजन सामग्री और गन-?नों की खूब बिक्री होगी। बाजारों में खासी रौनक बनती जा रही है। एक बार फिर गुप्ता ग्राउंड में फटाकों की दुकानें लगने लगी हैं।

# समेरिटंस स्कूल में केडिट्स ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



नर्मदापुरम (निप्र)। 13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल एनसीसी केडिट्स ने कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रैली निकाली। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निकली गई रैली को संस्था निदेशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने रवाना किया। रैली का नेतृत्व सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय ने किया। रैली में केडिट्स हाथो में बैनर एवं देश भक्ति राष्ट्रीय एकता के नारे लिखी तख्तियां लेकर चलते हुए नारे लगा रहे थे कि श्अनेकता में एकता यही है हमारे राष्ट्र की विशेषता। इसके पूर्व संस्था निर्देशक ने एनसीसी केडिट्स को राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और देश के प्रति उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि गुजरात की एक घटना के दौरान मिली थी। दरअसल साल 1928 में ब्रिटिश हुकूमत ने गुजरात के बारडोली में किसानों पर अनुचित रूप से 30 फीसदी लगान लगा दिया था। ऐसे में यहां बारडोली सत्याग्रह हुआए जिसमें महिलाओं ने भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इस सत्याग्रह का नेतृत्व वल्लभभाई पटेल द्वारा किया जा रहा था।दरअसलए यह उनकी राजनीतिक इच्छाशक्ति दृढ़ संकल्प और भारत को एक सूत्र में पिरोने के लिए कहा जाता है। इस रैली में एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव संगीत प्रभारी डॉ चंदन मंडल ओर शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# एस.डी.एम. इटारसी की अध्यक्षता में कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों की नरवाई प्रबंधक के संबंध में बैठक सम्पन्न



नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय इटारसी में केसला के निजी कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों की नरवाई प्रबंधन के संबध में एसडीएम श्री नीलेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक की गई। एसडीएम द्वारा कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों को निर्देश दिये गये की अधिक से अधिक नरवाई प्रबंधन यंत्रों का उपयोग करें और स्वयं के ग्राम एवं आसपास के जरूरतमंद किसानों को भी यंत्र किराये से उपलब्ध कराये और नरवाई न जलाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जावे।बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार उईके, कृषि अभियांत्रिकी से उपयंत्री श्री शोभित ठवरे एवं केसला वि.ख- के कृषि विस्तार अधिकारियों की उपस्थिती भी रही। एसडीएम द्वारा सभी कृषि विस्तार अधिकारीयों को भी निर्देश दिये गये।

# कमिश ?नर की उपस्थिति में कलेक ?टर कार्यालय में ली गई शपथ

नर्मदापुरम(निप्र)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वि जयंती के अवसर पर एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले भर में शपथग्रहण समारोह आयोजित किए गए। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की उपस्थिति में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे द्वारा दिलाई गई। इस दौरान संयुक्त आयुक्त श्री जीसी दोहर, अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री बृजेन्द्र रावत सहित कलेक्टर कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में उपायुक्त राजस्व श्री गणेश जायसवाल द्वारा कमिश्नर कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए




नर्मदापुरम(निप्र)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर साध्वी दीप ज्योति ज्ञानेश्वरी ने पूजन कर माल्यार्पण कार्यक्रम शुरू किया जिसमें कुर्मी क्षत्रिय समाज मध्यप्रदेश के युवा प्रदेश अध्यक्ष तेज कुमार गौर ने सभी सामाजिक बंधुओं से आग्रह किया है कि अपने अपने क्षेत्रों में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करें एवं उनके द्रढ़ इरादों ने जिस 565 रियासतों को एक करके भारत में विलय कराया था वैसे ही प्रत्येक कुर्मी बंधु को भी त्याग कर राष्ट्रहित में कार्य करने को ही अपना धर्म मानकर नेक कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। माल्यार्पण कार्यक्रम में राजेश गौर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गौर सोशल मीडिया प्रभारी विवेक गौर गुड्डूए राजेन्द्र गौर संयम गौर तपेश गौर पूर्व पार्षद संजय गौर,विवेक संजू गौर सुशील गौर कीर्ति कुमार सिंगरे राजीव गौर गणेश गौर सुरेन्द्र गौर गुद्दू रूपेन्द्र गौर पन बाबू निर्मल गौर सरपंच वीरेंद्र गौर पूर्व सरपंच, कमलेश आर्य योग गुरु, रोहित गौर राकेश गौर अमित महालहा पवन गौर पंकज गौर आनंद गौर सुमित गौर नवनीत गौर दीपक महालहा शिवराज चंद्रोल कमलेश गौर झारवीड़ा लक्ष्मण गौर राजेश गौर मनोज गौर राजकुमार गौर महेश गौर अनिल गौर लखनलाल गौर अंबिका गौर अवनी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने प्रियदर्शिनी स्व श्रीमती इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि



**लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया**

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्व पटेल का याद किया इसके पूर्व इंदिरा चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी स्व श्रीमती इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि पर स्व इंदिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कपिल फौजदार सत्येंद्र फौजदार नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी अनोखी राजोरिया अरुण दीक्षित मीना वर्मा लता माधव पुष्पलता जायसवाल फेजान उल हक संतोष तोमर बबलू राठौर गुलाम हैदर सुधाकर गौर प्रताप ठाकुर महेश पाण्डेय सुनील चौहान कमलेश बाथरे दीपक सिसोदिया गुमान मांडले राजेंद्र दोहरे विजय वर्मा कुलदीप राठौर बलबीर चौहान अजय शर्मा विक्की जमनानी शेख पप्पू धीरज बहुत्रा सचिन जैन कपिल यादव प्रकाश यादव लखन यादव सलीम कैलाश यादव जमील खान आनंद थापक विजेंद्र राजपूत विशाल प्रधान तुकाराम यादव संतोष अहिरवार रवि आफराज खान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकथाम अभियान एवं स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन




नर्मदापुरम(निप्र)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत निरंतर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में बाल विवाह रोकथाम हेतु कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 20 में किया गया।इटारसी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं लायंस क्लब पंख के सामंजस्य से वार्ड क्रमांक 20 में बाल विवाह रोकथाम अभियान एवं महिलाओं के स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें लाइंस क्लब पंख से लाइंस क्लब अध्यक्ष लायंस श्रीमती पूनम चेलानी, लायन हंगर डीसी ऋतु राजपूत, लायंस बीना तिवारी, लायंस हंगर डीसी बलजीत कौर शोखी, सचिव लायंस विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायंस शशि अग्रवाल एवं महिला एवं बाल विकास प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला उपस्थित रही।लायंस बलजीत शोखी, बिना तिवारी एवं रितु राजपूत के द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं का मधुमेह और रक्तचाप की जांच की गई एवं सभी महिलाओं को स्वास्थ सम्बंधित सलाह दी। उन्होने सभी महिलाओं को सलाह दी की अपनी दैनिक दिनचर्या का ध्यान रखना जरूरी है सही समय पर खान पान नहीं होने के कारण ही महिलाएं कई बीमारियों का शिकार हो रही हैं इसलिए सभी को अपना विशेष ध्यान रखना जरूरी है।बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत श्रीमती दीप्ति शुक्ला द्वारा अभियान के अंतर्गत सभी को सतर्क किया गया कि कल देव उठनी एकादशी पर अधिकतर बाल विवाह होते जिन्हें हमें रोकना है जिसके लिए हेल्प लाइन नम्बर और बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सभी को शपथ दिलाई गई कि हम अपने आस पास बाल विवाह नहीं होने देंगे।

# राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर 01 नवम्बर को जिले के प्रवास पर

नर्मदापुरम (निप्र)। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त धुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग श्रीमती कृष्णा गौर 01 नवंबर को जिले के प्रवास पर रहेंगी। जारी कार्यक्रम अनुसार राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर का 01 नवंबर को प्रात: 08:30 बजे नर्मदापुरम सर्किट हाउस आगमन होगा तथा 09:00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मध्य देश स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। तत्पश्चात प्रात: 10:00 बजे नर्मदपुरम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोहः जिला मुख्यालय पर होगा भव्य आयोजन अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1 नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया जाना है। तत्संबंध में अपर कलेक्टर नर्मदापुरम अनिल कुमार जैन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट, नर्मदापुरम के साथ डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नीता कोरी को कार्यों के दायित्व सौंपे गए हैं।

# एकता और अखंडता के संदेश के साथ निकली 'रन फॉर यूनिटी यात्रा'

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना



नर्मदापुरम (निप्र)। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज जिले में 'रन फॉर यूनिटी यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा यदि कहीं है, तो वह भारत में ही है — गुजरात राज्य के केवड़िया में स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी', जो हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की है। यह प्रतिमा हम सभी को अखंड भारत के उस संकल्प की याद दिलाती है जिसे श्री पटेल ने लिया था और अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा के कारण उसे उन्होंने पूर्ण रूप से साकार भी किया। सांसद श्री चौधरी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने भी सरदार पटेल को नमन करते हुए उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए योगदान को स्मरण किया। रन फॉर यूनिटी यात्रा का शुभारंभ सेठानी घाट से हुआ, जिसे सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा एसपी ऑफिस परिसर तक निकाली गई, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने इस अवसर पर एसपी कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन की याद दिलाई।इस अवसर पर आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, एसपी सई कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का उत्साहपूर्वक संदेश दिया।

### जिले की दैनिक वर्षा की जानकारी जिले में 1 जून से आज दिनांक तक 1445.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक को प्रात: 8 बजे तक जिले में 1445.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1310.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 30, अक्टूबर से 31, अक्टूबर, 2025 को प्रात: 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 09 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 12.0 मिलीमीटर, इटारसी 9.8 मिलीमीटर,माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर,पिपरिया में 16.2 मिलीमीटर, बनखेड़ी में36.8 मिलीमीटर, पचमढ़ी में13.3 एवं तहसील डोलरिया 5.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

# समेरिटंस स्कूल बोरतलाइ इटारसी में मनाई गई पटेल जी की जयंती



इटारसी (निप्र)। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इटारसी समेरिटंस विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रात: कालीन प्रार्थना सभा में बच्चों को सरदार पटेल के जीवन के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रचार्य प्रशांत दीक्षित द्वारा बच्चों को सरदार पटेल के प्रशानिक दक्षता और उनके द्वारा 565 रियासतों के भारत में विलय के लिए की गई करवाही की जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सोनिया वर्मा और प्रीति झंझोट के निर्देश में कक्षा एक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों प्रस्तुती दी गई। अंत में राष्ट्रीय एकता को परिलिक्षित करने के लिए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक भोज अयोजित किया गया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 जयंती पर एकता का संकल्प

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला पंचायत नर्मदापुरम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के अवसर पर एकता का संकल्प का वाचन जिला पंचायत के सीईओ हिमांशु जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने दोहराते हुए एकता का संकल्प लिया और सरदार पटेल को कोटि-कोटि नमन अर्पित की।

एकता का संदेश

सरदार पटेल जी के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प ने भारत को एक एकीकृत राष्ट्राप में स्थापित किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर एकता का संकल्प लिया और सरदार पटेल जी के आदर्शों को याद किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com


उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश
70वां स्थापना दिवस समारोह शुभारंभ
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
मुख्य अतिथि
किंजरापु राममोहन नायडू
केन्द्रीय मंत्री, नागर विमानन मंत्रालय
कार्यक्रम
1 नवम्बर 2025
ड्रोन शो
विरासत से विकास
विश्ववन्द
भगवान श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा
सुगम संगीत
सुप्रतिष्ठित कलाकार जुबिन नौटियाल एवं साथी
आतिशबाजी
2 नवम्बर 2025
सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य
सुगम संगीत
सुप्रतिष्ठित कलाकार हंसराज रघुवंशी एवं साथी
जनजातीय लोकनृत्य
अपराह्न 3:00 बजे से
3 नवम्बर 2025
सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य
सुगम संगीत
सुप्रतिष्ठित कलाकार स्नेहा शंकर एवं साथी
जनजातीय लोकनृत्य
अपराह्न 3:00 बजे से
♦ शिल्प मेला
♦ संस्कृति, कला, सभ्यता और विकास पर आधारित प्रदर्शनियां
♦ देशज व्यंजन मेला 'स्वाद'
प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से । लाल परेड ग्राउंड, भोपाल
मध्यप्रदेश की स्थापना के 70वें वर्ष पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विकास की नई ऊंचाइयां छूते हुए जन-जन की खुशहाली हमारा संकल्प है।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-11130/25
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@CmmadhyapradeshMP
@jansamparkMP
JansamparkMP